


दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

माधव संदेश

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं,छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-181 | इटावा,सोमवार 31 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### योगी मंत्रिमण्डल के विस्तार की सुगबुगाहट, गणेश परिक्रमा शुरु

लखनऊ। उप्र की योगी आदित्यनाथ मंत्रिमण्डल के विस्तार की चर्चायें राजनीतिक गलियारों में अब तैरने लगी हैं। इसी के साथ ही कैबिनेट में जगह बनाने के लिए नेताओं ने गणेश परिक्रमा शुरु कर दी है। माना जा रहा है कि राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले योगी मंत्रिमण्डल का विस्तार हो जायेगा। मंत्रिमण्डल में अभी आठ स्थान रिक्त हैं। चर्चा है कि प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को छोड़कर आने वाले दारा सिंह चौहान सरीखे विधायकों को मंत्रिमण्डल में जगह मिल सकती है। वहीं हाल ही में एनडीए में शामिल सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर का मंत्री बनना भी लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह मंत्रिमंडल विस्तार बहुत छोटा होगा। चर्चा है कि इसमें सिर्फ ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान को शपथ दिलाई जाएगी।

### रोबोट के जरिए होगा समुद्र तल में खनन

नई दिल्ली। जमीन और आसमान के बाद, अब समुद्र का नंबर आ गया है।समुद्र तल पर जाकर अब खनिज और धातुओं का उत्खनन होगा। बड़े पैमाने पर समुद्र के अंदर से कीमती धातुओं का उत्खनन करने के लिए अब रोबोट का इस्तेमाल किया जाने वाला है। वैज्ञानिकों ने अंडर वाटर रोबोट यूरेका हाईटेक मॉडल को विकसित किया है। समुद्र के खनन कार्यों की विशेषज्ञ कंपनी इंपॉसिबल मेटल्स के सह निर्माता रेनी ग्रोगन का मानना है, कि कंपनी द्वारा निर्मित प्रोटोटाइप रोबोट, यूरेका गहरे समुद्र में जाकर खनन का बेहतर विकल्प साबित होगा। पानी के भीतर जाकर बिना हलचल किए, अपनी चिमटी जैसी भुजाओं के माध्यम से मूल्यवान धातुओं की पहचान करने और उन्हें समुद्र तल से बाहर निकालकर लाने के काम में यह रोबोट काफी मददगार साबित होंगे।

### सीमा के ससुर नेत्रपाल ने लगाई गुहार, राशन खत्म हो गया, भूखे मर जाएंगे

नोएडा। सीमा हैदर भले ही पुलिस की जांच में सहायोग कर रही है, लेकिन उसके ससुर यानी नेत्रपाल मीणा का परिवार इन दिनों भूखें मरने की कगार पर है। उसने गुहार लगाई है कि राशन खत्म हो गया है, पुलिस का पहरा हटाया जाना चाहिए। नहीं तो भूखे मरने की तौबत आ जाएगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान से सरहद पार कर अपने चार बच्चों के साथ ग्रेटर नोएडा आई सीमा हैदर से यूपी एटीएस की पूछताछ खत्म हो चुकी है। वह पति सचिन मीणा और ससुरालवालों के साथ रबूपुरा गांव के किसी दूसरे घर में रह रही हैं। सीमा के ससुर नेत्रपाल मीणा का एक वीडियो सामने आया है।

# शाह ने कमलनाथ को करप्शननाथ, दिग्विजय को बंटाधार कहा

## इंदौर में बोले- कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाला, मालवा से किया चुनावी शंखनाद



इन्दौर। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज इन्दौर जिले के जानापाव पहुँचे। उन्होंने भगवान परशुराम की जन्मस्थली पहुँचकर दर्शन और पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, इन्दौर जिले के प्रभारी तथा गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद वी.डी. शर्मा,सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

संवाददाता ■ भोपाल/इंदौर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में मालवा से बीजेपी के चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है। उन्होंने रविवार को इंदौर में बीजेपी के विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। शाह ने कार्यकर्ताओं को 2023 और 2024 के चुनावी जीत का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। शाह ने पूर्व सीएम कमलनाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को श्रीमान बंटाधार कहकर संबोधित किया। इंदौर में विधानसभा नंबर दो स्थित कनकेश्वरी गरबा मैदान पर आयोजित संभाग के बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन में शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को कांग्रेस ने बच्चे की तरह सालों तक पाल रखा था। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म कर कश्मीर को भारत से जोड़ने का काम किया है। मोदी सरकार आने पर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों की धज्जियां उड़ाने का काम हमारी सेना ने किया है।केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने देवी अहिल्या को प्रणाम कर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने गुलामी के अवशेष को मिटाने की पहल की थी। जिसे हमारे नेता पीएम मोदी आगे बढ़ा रहे है। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का झंडा बुलंद करने का काम किया है। वे कहीं भी जाए लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं। ये नारे मोदी के लिए नहीं, बीजेपी के लिए नहीं, बल्कि भारत की एक सौ तीस करोड़ जनता के सम्मान में नारे लग रहे हैं।

### कांग्रेस ने राम मंदिर का काम लटका रखा था- शाह

अमित शाह ने विपक्षी एकता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये लोग अनुच्छेद 370 खत्म खरने का विरोध करते थे। ये नाम बदले तो भी कोई इन्हें वोट देगा क्या? अयोध्या में राम लला टेंट में विराजमान थे। कांग्रेस मंदिर के काम को लटका रही थी। कोर्ट के फैसले के बाद मोदी जी ने राम मंदिर का भूमि पूजन कर दिया। अहिल्या बाई होलकर के बाद धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करने का काम पीएम मोदी ने किया है।

### कमलनाथ ने जनकल्याण की योजनाएं बंद कर दी थी- शाह

शाह ने कमलनाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को बंटाधार कहकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ की सरकार डेढ़ साल चली। हमारे शिवराज सिंह ने जो योजनाएं शुरू की थी, उन्हें कमलनाथ ने बंद कर दी थी। योजनाओं का पैसा खाने के लिए उन्हें बद कर दिया। देश के गृह मंत्री ने कहा कि वो एक भी इंडस्ट्री भी नहीं लाए। लेकिन ट्रांसफर इंडस्ट्री जरूर लागू कर दी। उन्होंने डेढ़ साल के अंदर बंटाधार का शासन याद दिलाने का काम किया। शाह ने कहा कि कमलनाथ ने किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के नाम नहीं भेजे। शिवराज सिंह के सीएम बनते ही किसानों के नाम भेज दिए गए। आज किसानों को सम्मान निधि का पैसा मिल रहा है।

### कार्यकर्ताओं को दिलाया चुनावी जीत का संकल्प

बीजेपी को चुनाव बूथ पर बैठा कार्यकर्ता जीता सकता है। आज यहां से संकल्प लेकर जाना है कि प्रचंड बहुमत के साथ 2023 में भाजपा की सरकार बनाना है। और 2024 में लोकसभा की एमपी की सभी 29 सीटें जीतकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### बीजेपी पदाधिकारियों के साथ अमित शाह की बैठक

इंदौर में बीजेपी के विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चुनावी रणनीति को लेकर मेरीयट होटल में मालवा-निमाड़ के 60 पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की। बैठक में बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश बीजेपी के चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने प्रदेश का कबाड़ा कर दिया था- सीएम शिवराज

बीजेपी के विजय संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संघर्ष का शंख बज गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और समृद्ध बन गया है। आज पूरी दुनिया मोदी मोदी का मंत्र जप रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी प्रदेश का कबाड़ा किया। सड़क, बिजली, पानी कुछ नहीं था। फिर सवा साल के लिए कमलनाथ आए तो विकास के कोई काम नहीं हुए। उन्होंने पीएम मोदी की योजनाओं का रोकने का पाप किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना लौटा दी। कमलनाथ ने जल-जीवन मिशन लागू नहीं होने दिया। कमलनाथ ने बीजेपी सरकार की योजनाएं भी बंद कर दी थी। संबल योजना बंद कर दी थी। बच्चों के लैपटॉप छीन लिए। लाड़ली बहनों भरोसे में मत रहना। लाड़ली बहना जब तक है, तब तक अपनी सरकार है।

### बीजेपी 170 सीट जीतकर सरकार बनाएगी: विजयवर्गीय

बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा - ये आमसभा नहीं है, ये कार्यकर्ता सम्मेलन है। यहां सब कार्यकर्ता हैं। जो हमारी ताकत हैं। ये सब हमें चुनाव जीताते हैं। हमारे गृह मंत्री अमित शाह राजनीति के चाणक्य माने जाते हैं। अनुच्छेद 370 हटाने का काम किसी ने किया तो अमित शाह ने किया। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस फर्जी सर्वे कर 150 सीट जीतने का दावा कर रही है। भ्रम फैला रही है, लेकिन कांग्रेस को 50 सीट और बीजेपी 170 सीट लाएंगी। कांग्रेस ने किसान कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन वादा नहीं निभाया। कांग्रेस ने रोजगार भत्ता का वादा किया, किसी को भत्ता नहीं दिया। कैलाश विजयवर्गीय ने एक बार फिर से, भाजपा फिर से, एक बार दिल से, भाजपा फिर से का नारा लगवाया। उन्होंने कहा कि हमारे सीएम शिवराज सिंह किसान के बेटे हैं। उन्होंने गरीबों, महिलाओं की चिंता की। बीजेपी की सरकार गरीबों के कल्याण पर विचार करती है। कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया। हमने गरीब कल्याण की योजनाएं बनाकर गरीबी दूर करने की कोशिश की।

## मन की बात का 103वां एपिसोड

# शहीदों के सम्मान में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान चलेगा: मोदी




एजेंसी ■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 30 जुलाई को मन की बात प्रोग्राम के जरिए देशवासियों से बात की। मन की बात के 103वें एपिसोड को सुबह 11 बजे टेलीकास्ट किया गया। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा- आज देश में अमृत महोत्सव की गूंज है, 15 अगस्त पास ही है। शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू होगा।

इसके तहत देश-भर में हमारे शहीदों की याद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन विभूतियों की याद में, देश की लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख भी स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के लिए जैसे पूरा देश एक साथ आया था। वैसे ही हमें इस बार भी फिर से हर घर तिरंगा फहराना है और इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाना है।

### पीएम बोले- सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास है

पीएम ने कहा- इस समय सावन का महीना चल रहा है। महादेव की आराधना के साथ सावन हरियाली और खुशहाली से जुड़ा होता है। इसका बहुत महत्व रहा है। सावन के झूले, सावन की मेंहदी, सावन के उत्सव। सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास है। इस आस्था और परंपराओं का एक पक्ष और भी है। ये हमें गतिशील बनाते हैं। शिव अराधना के लिए कितने ही भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों पर भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस पहुंचने वाले लोगों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही है। हर साल वहां 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं। अयोध्या, मथुरा और उज्जैन पहुंचने वालों की संख्या भी बढ़ रही प्रधानमंत्री ने कहा- 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाए जा रहे।

### इसरो ने सिंगापुर के 7 सैटेलाइट लॉन्च किए

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर की सात सैटेलाइट को आज सुबह 6.30 बजे लॉन्च किया गया। यह लॉन्चिंग 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी56 रॉकेट से की गई है। इसरो ने बताया कि लिफ्ट ऑफ के 23 मिनट बाद प्राइमरी सैटेलाइट अलग हो गया। इसके बाद बाकी 6 सैटेलाइट भी अलग हो गए और सभी अपनी ऑर्बिट में पहुंच गए। इसरों की यह 58वीं उड़ान थी। डीएस-एसएआर सैटेलाइट को सिंगापुर की रक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी और सिंगापुर के ही एसटी इंजीनियरिंग के बीच साझेदारी के तहत डेवलप किया गया है।

# कुलगाम में आतंकियों ने सेना के जवान को अगवा किया

## कार में मिले खून के निशान, लेह में पोस्टिंग थी, ईद पर घर आया था

संवाददाता ■ श्रीनगर



कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों ने आर्मी के एक जवान को अगवा कर लिया है। 25 साल के इस जवान का नाम जावेद अहमद वानी है। वह कुलगाम जिले के अस्थाल गांव का रहने वाला है। आतंकियों ने शनिवार रात करीब 8 बजे उसे उसकी गाड़ी से किडनैप कर लिया था। कार में खून के निशान भी मिले हैं। वानी की पोस्टिंग लेह में है। जावेद के माता-पिता ने आतंकियों से बेटे को छोड़ने की गुहार लगाई है। वानी ईद की छुट्टी मनाने घर आया था। शनिवार को वानी अपनी कार से चावलगाम जा रहा था। कई घंटों तक लापता रहने के बाद गांव के लोगों ने उसे ढूंढना शुरू किया।

### जवान की चप्पलें और खून के निशान मिले

तलाशी के दौरान उसकी अनलॉक कार कुलगाम के पास ही प्रानहाल से बरामद की गई। कार से जवान की चप्पलें और खून के कतरे मिले हैं। सेना 'और पुलिस की एक टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। इलाके में नाकाबंदी कर दी गई है।

### मां बोलीं- मुझे मेरा बेटा लौटा दें

जावेद की मां ने कहा कि मेरा बेटा मासूम है। अगर उसने कुछ गलत किया है, तो मैं माफी मांगती हूं। भगवान के लिए मुझे मेरा बेटा लौटा दें। हम सभी से माफी चाहते हैं। कृपया उसे रिहा कर दें। अगर आप चाहते हैं कि वह अपनी सेना की नौकरी छोड़ दे, तो वह ऐसा करेगा।

बहन सुमेजान मेरा भाई एक महीने से छुट्टी पर है। आज शाम छह बजे उसे वापस जाना था। कल शाम आठ बजे गायब हो गया। पता नहीं कौन उसे उठाकर ले गया। हमने फोन लगाया लेकिन फोन स्विच ऑफ है। आर्मी में वह 9 साल से है। हमारी गुजारिश है कि अगर वह किसी के पास है तो उसे छोड़ दें। वह अच्छा इनसान है। उनकी किसी से दुश्मनी नहीं है। हमें किसी पर शक नहीं है। गायब होने के पहले उसने फोन किया था कि एक-दो मिनट में आ रहा है। जावेद के रिश्तेदार आशिक कमद ने बताया कि वह 2014 से फौज में हैं। कल शाम 6 बजे घर से निकले थे। उन्हें ड्यूटी पर जाना था तो राशन लेने गए थे।

# बारिश के चलते हिमाचल में अब तक 187 की मौत

## तेलंगाना में 18 की जान गई, जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से गांव में तबाही

नई दिल्ली। मानसून सीजन में हुई भारी बारिश ने कई राज्यों में तबाही मचा दी है। हिमाचल प्रदेश में पिछले 40 दिनों में 187 लोगों की जान जा चुकी है, वहीं 34 लोग लापता हैं। तेलंगाना में एक हफ्ते में 18 लोगों की मौत हो गई। करीब 12,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। उधर, उत्तराखंड के चमोली में रविवार (30 जुलाई) को सुबह पहाड़ों से पत्थर गिरने के बाद



बद्रीनाथ नेशनल हाईवे को बंद करना पड़ा। हालांकि 2 घंटे बाद हाईवे खोल दिया गया। शनिवार (29 मई) को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के एक गांव में बादल फट गया। जिससे सात घर, एक मस्जिद और दो स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। इन राज्यों में तेज बारिश होगी- हिमाचल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, गोवा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश। बारिश की संभावना नहीं- जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु में बारिश की संभावना नहीं है।

# मणिपुर की राज्यपाल से मिलकर विपक्षी इंडिया के सांसद बोले: सरकार फेल

इंफाल। मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर इस समय संसद से लेकर सडक़ तक गतिरोध जारी है। विपक्ष के सांसदों का एक डेलिगेशन राज्य के दौरे पर गया है। अपने दौरे के दूसरे और आखिरी दिन सांसदों ने राज्यपाल से मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात करने से पहले पहले उन्होंने मीडिया से बात की। इस दौरान उन सांसदों ने सरकार के कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए वहां की जमीनी हकीकत को मीडिया के सामने रखा। इस डेलिगेशन में शामिल लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, आरजेडी सांसद मनोज झा और टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने मीडिया के सामने सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई।29 जुलाई को मणिपुर के दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता विपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने वहां हिंसा ग्रस्त इलाके में लोगों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद आज उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात करने से पहले मीडिया बात की।

# केरल में 5 साल की बच्ची के साथ रेप: गला दबाकर हत्या, बॉडी बोरे में भर कूड़े में फेंकी, पुलिस बोली- माफ करना बेटी



डंपिंग ग्राउंड में जांच करते केरल पुलिस अधिकारी।

संवाददाता ■ एर्नाकुलम

केरल के एर्नाकुलम जिले में 5 साल की बच्ची से रेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने बच्ची का शव बोरे में डालकर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह बिहार का रहने वाला है और एर्नाकुलम में मजदूरी करता है। घटना शुक्रवार शाम की है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। केरल पुलिस ने बच्ची से माफी भी मांगी है। पुलिस ने ट्वीट किया- माफ करना बेटी। तुम्हें माता-पिता से मिलाने की हमारी कोशिशें नाकाम रहीं।

### बच्ची को श्रद्धांजलि देने आए सैकड़ों लोग

बच्ची के शव को उसके स्कूल में रखा गया। सैकड़ों लोगों ने वहां जाकर बच्ची को श्रद्धांजलि दी। वे आरोपी के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। बच्ची को रविवार सुबह 11 बजे दफनाया गया। इस दौरान भीड़ में खड़े कई लोग रोते नजर आए।

### फुटेज में बच्ची के साथ नजर आया आरोपी

एर्नाकुलम एसपी विवेक कुमार ने बताया- बच्ची शुक्रवार शाम को किडनैप हुई थी। हमारी टीम ने फुटेज चेक किए जिसमें बच्ची को आरोपी के साथ देखा गया। उसी दिन रात 9.30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने सेना में अनुशासन को सर्वोच्च बताया:- ज्यादा छुट्टी के चलते जवान बर्खास्त, कोर्ट बोला- सही दस्तावेज पेश नहीं कर पाया



एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सेना में अनुशासन को सबसे जरूरी बताया है। कोर्ट ने ये बात एक जवान की याचिका को खारिज करते हुए कही। इस जवान को जरूरत से ज्यादा छुट्टी लेने पर सेना से निकाल दिया गया था। कोर्ट ने कहा- जवान ने सेना के अनुशासन को तोड़ा है। जवान को पहले 39 दिन और फिर 30 दिन की छुट्टी दी गई थी। इसके बाद भी जवान ने जॉइन नहीं किया। इसके बाद सेना ने कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया।

### क्या था पूरा मामला

4 जनवरी 1983 को एक व्यक्ति की सेना में ट्रांसपोर्ट ड्राइवर के पद पर भर्ती हुई। इस ड्राइवर ने 1998 में 8 नवंबर से लेकर 16 दिसंबर तक 39 दिन की छुट्टी ली। घर की परिस्थितियां ठीक न होने पर उन्होंने 17 दिसंबर से 15 जनवरी 1999 तक 30 दिन की और छुट्टी ले ली। इसके बाद भी उसने जॉइन नहीं किया।

15 फरवरी 1999 को जवान पर आर्मी एक्ट (सेक्शन 106) के तहत कोर्ट ऑफ इंक्वायरी हुई, जिसमें उन्हें दोषी पाया और उनका कोर्ट मार्शल हो गया। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### सबूतों के अभाव में अपील खारिज

सैनिक ने कहा कि उनकी पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब थी, जिस वजह से उन्होंने ज्यादा छुट्टी ली। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस राजेश बंसल ने उन्हें मेडिकल रिपोर्ट दिखाने को कहा तो उनके पास कोई भी ऐसा डॉक्यूमेंट नहीं था, जिससे ये पता लग सके कि उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार थी और पति की जरूरत थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सबूतों के अभाव में जवान की अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि सेना में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता की अनुमति नहीं होती।

### अवमानना का प्रयोग करते समय अदालतों को भावनाओं में नहीं बहना चाहिए

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अवमानना क्षेत्राधिकार का प्रयोग करते समय अदालतों को अति संवेदनशील नहीं होना चाहिए या भावनाओं में नहीं बहना चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की जिसमें अदालत की अवमानना के लिए एक डॉक्टर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया था ।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय ने बार-बार कहा है कि न्यायालयों द्वारा प्राप्त अवमानना क्षेत्राधिकार का उद्देश्य केवल मौजूदा न्यायिक प्रणाली के विश्वास को कायम रखना है। इस शक्ति का प्रयोग करते समय न्यायालयों को अत्यधिक संवेदनशील नहीं होना चाहिए या भावनाओं में नहीं बहना चाहिए, बल्कि विवेकपूर्ण तरीके से कार्य करना चाहिए। पीठ ने कहा कि अवमानना कार्यवाही में दंड के तौर पर डॉक्टर का लाइसेंस निलंबित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, एक मेडिकल प्रैक्टिशनर पेशेवर कदाचार के लिए भी अदालत की अवमानना का दोषी हो सकता है, लेकिन यह संबंधित व्यक्ति के अवमाननापूर्ण आचरण की गंभीरता या प्रकृति पर निर्भर करेगा।*

संपादकीय



# ताकि सुगम हो न्याय की राह

संसद के चालू मानसूत्र सत्र के पहले दिन कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा है कि देश की अलग-अलग अदालतों में लंबित मामले पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गए हैं।कानून मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, 25 हाई कोर्ट और अधीनस्थ न्यायालयों में 5.02 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट सिस्टम (आईसीएमआईएस) से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 1 जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट में 69,766 मामले लंबित हैं। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर मौजूद जानकारी के मुताबिक 14 जुलाई तक हाई कोर्ट में 60,62,953 और जिला और अधीनस्थ अदालतों में 4,41,35,357 मामले लंबित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 66,58,131 मामले ऐसे हैं जिनमें आरोपी या गवाहों की पेशी नहीं होती है।इस वजह से मामले की सुनाई नहीं हो पाती है। ऐसे कुल 36 लाख से ज्यादा मामले हैं जिनमें आरोपी जमानत लेकर फरार हैं। दूसरी तरफ देश की निचली अदालतों में ज्यूडिशियल अफसरों के 5,388 से ज्यादा और हाई कोर्ट में 330 से ज्यादा पद खाली हैं। बेशक लंवित मामलों के अनेक कारण हैं। इनमें पर्याप्त संख्या में जजों और न्यायिक अफसरों की अनुपलब्धता, अदालत के कर्मचारियों और कोर्ट के आधारभूत संरचना की कमी, साक्ष्यों का न जुटाया जाना, बार, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों जैसे हितधारकों का सहयोग भी शामिल है। न्याय के रास्ते को सरल और सुगम बनाने के लिए मुकदमों के लंवित होने के कारण पर भी गौर करना जरूरी है।पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा था कि इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि लंबित मामले हमारे लिए एक बड़ी चुनौती हैं। मैं यह स्वीकार करता हूं कि मामलों को सौंपने और सूचीबद्ध करने के मुद्दों पर मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका। मुझे इस पर खेद है। हम रोजाना सामने आने वाली समस्याओं से निपटने में ही व्यस्त रहते हैं।'' उन्होंने लंबित मामलों को एक 'बड़ी चुनौती' करार दिया था।भारतीय न्यायपालिका समय के साथ विकसित हुई है और इसे किसी एक आदेश या निर्णय से परिभाषित नहीं किया जा सकता या आंका नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक संस्था की विश्वसनीयता की रक्षा नहीं की जाती, तब तक अदालत का एक कर्मचारी होने के नाते किसी व्यक्ति को लोगों और समाज से सम्मान नहीं मिल सकता। उन्होंने सरकारों को 'सबसे बड़ा वादी' करार देते हुए कहा कि 50 फीसदी लंबित मामलों के लिए वे जिम्मेदार हैं।उन्होंने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका की विभिन्न शाखाओं के अपनी पूरी क्षमता के साथ काम नहीं करने के कारण लंबित मामलों का अंबार लगा हुआ है। कार्यपालिका द्वारा न्यायिक आदेशों की अवहेलना से उत्पन्न अवमानना मामलों की बढ़ती संख्या का उल्लेख किया और कहा कि 'न्यायिक निर्देशों के बावजूद सरकारों द्वारा जान-बूझकर निष्क्रियता दिखाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है'। वर्ष 2019 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने देश की विभिन्न अदालतों में पचास फीसदी से अधिक लंबित मुकदमों के लिये राज्य मशीनरी की चूक या लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया था। वॉचडॉग फाउंडेशन के ट्रस्टी एडवोकेट गॉडफ्रे पिमेंटा ने कहा भारत में विभिन्न अदालतों में मामलों का ढेर एक दरकते हुए लोकतंत्र की तरफ इशारा है. राजनेता जनता को न्याय देने में लगातार पिछड़ गए हैं क्योंकि वो अपने स्वार्थों को पूरा करता है. समय की मांग है कि सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में बदलाव किया जाए. ताकि लोगों को इंसाफ दिलाने में बेमतलब की देरी न हो. कोर्ट रूम की संख्या बढ़ाने, ऑनलाइन सुनवाई में बदलाव करने और ज्यादा न्यायाधीशों की नियुक्ति जैसे बुनियादी ढांचे में बदलाव की जरूरत है वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की दलील है कि अदालतों में लंबित मामलों का निस्तारण न्यायपालिका का कार्यक्षेत्र है। बहरहाल, तार्किक बात तो यह है कि सभी पक्षों को मिलकर मुकदमों का भारी-भरकम बोझ दूर करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना चाहिए। निस्संदेह, सरकारों के स्तर पर भी नियुक्तियों को लेकर की जाने वाली देरी को भी बड़ी बाधा के तौर पर देखा जाता रहा है।न्यायिक नियुक्तियाँ कार्यपालिका और न्यायपालिका की संयुक्त जिम्मेदारी है, जिसमें किसी भी निकाय को दूसरे पर प्रधानता नहीं है। संविधान में राष्ट्रपति द्वारा सहमति के बजाय न्यायपालिका से परामर्श के बाद नियुक्ति का प्रावधान है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान की वर्तमान व्याख्या जिसके लिए न्यायपालिका की सहमति की आवश्यकता होती है, को उलटा किया जा सकता है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति (अध्यक्ष- श्री आनंद शर्मा) ने 6 दिसंबर, 2016 को सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को भरने में अत्यधिक देरी पर प्रस्तुत रिर्पोट में कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया था। एमओपी को अंतिम रूप देने के संबंध में कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच आम सहमति की वर्तमान कमी के कारण उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को भरने में देरी हुई है। एमओपी को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की जल्द से जल्द समीक्षा की जानी चाहिए। संशोधित एमओपी में तीन आवश्यक आवश्यकताएं शामिल होनी चाहिए- पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता। इसमें अधीनस्थ न्यायपालिका से उच्च न्यायालय (एचसी) न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शामिल होनी चाहिए। इस बीच, न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार जारी रहनी चाहिए ताकि अदालतों के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।न्यायपालिका और कार्यपालिका द्वारा द्वितीय न्यायाधीश मामले और एमओपी में निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप रिक्तियों को भरने में असाधारण देरी हुई है।

# संसद में विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव

लेखक - विनोद तकियावाला

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में यानि ससंद सदनों में इन दिनों कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है। यहाँ सता पक्ष व विपक्ष में जिस तरह के आचारण प्रर्दशित की गई है।वह शर्मसार करने वाली है।चाहे वह मणिपुर की घटना हो या पश्चिम बंगाल की घटना हो।संसद के इस मानसुन सत्र में लगातार दोनो सदन लोक सभा-राज्य सभा की कार्यवाही लगातार स्थगित किया जाना इस का सबुत है।संसद को सुचारू रूप से चलाने के लोक सभा के अध्यक्ष व राज्य सभा को सभापति (उपराष्ट्रपति) के साथ सता पक्ष व विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है,ताकि संसद स्वस्थ चर्चा-देश की जनता के लिए कल्याणकारी कार्य हेतु निर्णय व नियम बन सके।लेकिन इन दिनों संसद की वर्तमान तस्वीर को देखकर सम्पूर्ण राष्ट्र शर्मसार महसूस कर रहा है।केन्द्र में भाजपा व एन डी ए गठबन्धन वाली सरकार आजादी के अमृत महोत्सव सरकारी खजाने से जनता की गाढ़ी कमाई अर्थात टेक्स के पैसे का पानी की तरह बहा कर जश्न मनाने में मशगुल है।वही दिपक्ष संसद के इस मानसून सत्र के दौरान मणिपुर के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है।अविश्वास का यह निर्णय विपक्ष,ढ्हछ्ढ्ढ की बैठक में हुआ।जैसा कि सर्व विदित है कि संसद के वर्तमान मानसुन सत्र में दोनो सदन में मणिपुर में हिंसा को लेकर कई दिनों से संसद में हंगामा जारी है।आप को बता दे कि संसद का मानसून सत्र शुरू होने के एक दिन पहले मणिपुर में 4 मई को महिलाओं को निंवस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद से भारतीप राजनीति कापी गर्म है।इरा मुद्धे पर विपक्षी दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर के मुद्दे पर बयान की मांग कर रहे हैं।हालांकि,20 जुलाई को सत्र शुरू होने से पहले संसद के बाहर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने मणिपुर की घटना को शर्मनाक बताते हुए दोषियों की कड़ी सजा दिलाने की बात कही थी,लेकिन विपक्ष का कहना है कि पीएम को सदन के अंदर आकार बयान देना चाहिए।मंगलवार 25 जुलाई को इसी मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल सभी दलों की एक बैठक हुई।इस बैठक में सभी दलों ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया तथा विपक्षी दलों ने इसके साथ ही दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग जारी रखने का भी फैसला किया है।विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की इस बैठक में सभी दल सहमत थे हालांकि टीएमसी ने अपनी राय जाहिर करने के लिए 24 घंटे का समय मांगा।यहाँ पर हम स्पष्ट कर दे किसरकार के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव संसद के नियम 198 के तहत लाया जा सकता है।1952 में इस नियम में 30 लोकसभा सदस्यों के समर्थन का प्रावधान था।जो अब बढ़कर 50 सदस्यों के समर्थन जरूरी हो गया है।राजनीति के विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय संसद मे पिछ्ले 60वर्षो में 28 वीं वार अविश्ववास प्रस्ताव लाया जा चुका है।ऐसे स्थिति तब आती है जब विपक्षी दलों की अनदेखी कर सरकार उनकी बात सुनती नहीं है,या विपक्ष सरकार के कामकाज को लेकर सत्ता पक्ष पर हमलावर होता है।उस समय अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से विपक्ष अपनी बात बेहतर तरीके से सदन के पटल पर रख पाता है।आज हम सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाये कुछ अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा करना चाहुंगा । सबसे ज्यादा अविश्वास प्रस्ताव पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ पेश हुए हैं।जिनकी संख्या 15 है। सन वर्ष 1979 की बात है।जब केन्द्र में मोरारजी देसाई की सरकार के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी के तरफ से वाई वी चव्हाण द्वारा अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। सदन में मतदान के पहले ही मोरारजी देसाई ने प्रधानमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद सन् 1992 में पीवी नरसिम्हा राव के 5 साल के कार्यकाल में 3 बार अविश्वास प्रस्ताव आये।पहला अविश्वास प्रस्ताव जसवंत सिंह ने1992में पेश किया था।जिसमें 46 मतों के अंतर से सरकार अविश्वास प्रस्ताव को गिराने में सफल रही।वहीं1993में दूसरा अविश्वास प्रस्ताव अटल बिहारी बाजपेई के द्वारा प्रस्तुत किया गया था।इस को बचाने में सरकार सफल रही।1993 में तीसरी बार पी वी नरसिंहराव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोकसभा सदस्यों ने सरकार को समर्थन दियाऔर सरकार अविश्वास प्रस्ताव में हुए मतदान में 14 मतों से जीत गई।नोट देकर वोट लेने का आरोप नरसिंहराव सरकार पर,उस समय विपक्ष ने लगाया था।इसकी जांच भी हुई बाद में मामला अदालत तक गया था।आप को स्पष्ट कर दे कि अविश्वास प्रस्ताव की तरह विश्वास प्रस्ताव का भी प्रावधान संसद के नियमों में है।विश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद तीन सरकारों को पराजय का सामना करना पड़ा।विश्वास प्रस्ताव में जो सरकारें सदन में गिर गई।उनमे 1990 में वीपी सिंह की सरकार,1997 में एचडी देवघोड़ा की सरकार,1999 में अटलबिहारी वाजपेई की सरकार,विश्वास मत सदन में हासिल नहीं कर पाई।जिसके कारण उन्हें प्रधानमंत्री पद खोना पड़ा।अबकी बार संसद में कांग्रेस पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रस्तुत किया गया है।विपक्षी दलों में शामिल जो 26 राजनीतिक दल इंडिया में शामिल है।यह माना जाता है,कि अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद सदन में सरकार जल्द से जल्द चर्चा करा लेती है। अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद यह माना जाता है,कि सरकार नैतिकता के आधार पर कोई भी कामकाज नहीं कर सकती है।अभी तक जितने भी अविश्वास प्रस्ताव पेश हुए हैं। उनमें परंपरा के अनुसार 24 घंटे के अंदर ही प्रस्ताव पर चर्चा सदन के अंदर कराई गई है।यह पहला मौका है,अभी तक इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष के द्वारा यह कहते हुए स्वीकार कर लिया गया है कि सदन में हम राजनीतिक दलों से चर्चा कर समय निंधारित करेंगें,लेकिन इस संदर्भ में कोई निर्णय नहीं किया है।जिसके कारण पहली बार अविश्वास प्रस्ताव में चर्चा को लेकर ,अविश्वास विपक्ष के बीच में बना हुआ है।निश्चित रूप से विपक्ष द्वारा जो अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।उससे सरकार को कोई खतरा नहीं है।लेकिन इतना तय है,कि सरकार को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से विपक्ष के सवालों का जवाब देना जरूअविश्वास का प्रस्ताव, कहीं उलटा न पड़ जाए विपक्ष का ताकत दिखाने का दांव विपक्षी दल मणिपुर हिंसा पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री के वक्तव्य के साथ करने की अपनी मांग पर महज इसलिए अड़े थे ताकि अपने अहं को तुष्ट करने के साथ यह बता सकें कि आइ.एन.डी.आइए के गठन के बाद वे राजनीतिक रूप से कहीं अधिक शक्तिशाली हो गए हैं और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति में आ गए हैं।राजनीति के विशेषज्ञों की ओर से यह शंका जाहिर की जा रही है कि कहीं विपक्ष का यह अविश्वास का प्रस्ताव,कहीं उलटा न पड़ जाए। विपक्षी एकता का ताकत दिखाने का दांव मोदी सरकार के इस कार्यकाल में यह पहली बार है, जब विपक्ष उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है।जो अध्यक्ष द्वारा स्वीकार भी हो गया।अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की।आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन यह बात 100त्न इस प्रस्ताव का गिरना तय है और दूसरे,जब इस पर बहस होगी तो इसके भरे-पूरे आसार हैं कि सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री की ओर से इस नए गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोली जाएगी और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर किया जाएगा। इतना ही नहीं,बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली,क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई,कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा,लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है।विपक्षी दल मणिपुर पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री के वक्तव्य के साथ करने की अपनी मांग पर महज इसलिए अड़े थे,ताकि अपने अहं को तुष्ट करने के साथ यह बता सकें किआइएनडीआइए के गठन के बाद वे राजनीतिक रूप से कहीं अधिक शक्तिशाली हो गए हैं और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति में आ गए हैं। इसमें संदेह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव के जरिये ऐसा संदेश देने में सचमुच सफल हो सकेंगे। मणिपुर के हालात पर विपक्षी दलों की चिंता एक दिखावा ही अधिक दिखी,क्योंकि यदि वे वहां की स्थितियों को लेकर वास्तव में दुखी और गंभीर होते तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी में अपनी ऊर्जा खपा रहे होते और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहे होते।विपक्ष जो भी दावा करे, सच यही है कि उसने अपने राजनीतिक हित भुनाने के फेर में इस परंपरा की अनदेखी करना पसंद किया कि जिस मंत्रालय का मामला होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है।मोदी सरकार के इस कार्यकाल में यह पहली बार है,जब विपक्ष उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। इसके पहले उसने यह काम 2018 में किया था।

# आज भी प्रासंगिक है प्रेमचंद का साहित्य

लेखिका - डॉ. वंदना सेन

महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्य कालजयी है। उन्होंने देश और समाज के बारे में गंभीर चिंता करते हुए अपनी लेखनी चलाई है। समाज की जटिलताओं को कहानी और उपन्यासों के माध्यम से जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है, उसके बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वे आज भी समसामयिक लगती हैं। कहा जाता है कि साहित्य वही है जो हमेशा प्रासंगिक बना रहे। प्रेमचंद जी ने समाज आधारित साहित्य की रचना की। जो आज भी नवोदित साहित्यकारों के लिए एक सार्थक दिशा का बोध कराता है। वास्तव में प्रेमचंद की रचनाएं समाज का दर्पण हैं। प्रेमचंद जी साहित्यकारों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है। यह तो भाटों और मदारियों, विदूषकों और मसखरों का ही काम है। साहित्यकार का पद इससे कहीं ऊंचा है, वह हमारा पथ प्रदर्शक होता है। वह हमारे मनुष्यत्व को जगाता है। हमारे सद्भावों का संचार करता है। हमारी दृष्टि को फैलाता है। प्रेमचंद ने केवल मनोरंजन के लिए साहित्य रचना नहीं की, बल्कि अपनी रचनाओं के द्वारा समाज को नयी रूपरेखा, नये आदर्शों मे ढालने का प्रयास किया। उनके सृजन कर्म का उद्देश्य साहित्य के द्वारा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देने और एक ऐसे शोषण विहीन सामज की रचना करना था, जिसका आधार स्वतंत्रता हो। प्रेमचंद अपने साहित्य रचना के माध्यम से इस उद्देश्य में सफल रहे हैं।उपन्यास सम्राट प्रेमचंद्र का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर से चार मील दूर लमही नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम अजायब राय और माता का नाम आनंदी देवी था। प्रेमचंद ने साहित्य की अनेक विधाओं पर अपनी लेखनी चलायी। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर प्रसिद्ध बांग्ला उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने इन्हें उपन्यास का सम्राट कहकर संबोधित किया। प्रेमचंद ने नाटक, उपन्सास, कहानी, समीक्षा, लेख, संस्मरण संपादकीय आदि विधाओं में साहित्य का सृजन किया, पर उन्हें ख्याति कथाकार के रूप में प्राप्त हुई। अपने जीवनकाल में ही वे उपन्यास सम्राट की उपाधि से भी सम्मानित हुए। प्रेमचंद्र ने सन् 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सभापति के रूप में संबोधन किया। उनका यही भाषण प्रगतिशील आंदोलन के घोषणापत्र का आधार बना। प्रेमचंद की भाषा हिंदी उर्दू मिश्रित थी। अलंकारों और मुहावरों ने उन्हें सजीवता प्रदान की। इनकी भाषा के कारण इनकी रचना के सभी पात्र व चरित्र हमारे समक्ष सजीव हो उठते हैं। यही इनकी भाषा की सबसे बड़ी ताकत है। इनकी भाषा सहज सरल एवं बोधगम्य है। साहित्य एक विराट उद्देश्य को लेकर चलने वाली विधा है और उसमें मनुष्य के सामाजिक जीवन को अधिक सूक्ष्मता एवं विस्तार से जांचा परखा जाता है। उपन्यास साहित्य की सशक्त एवं प्रवाहमय धारा है। मनुष्य चरित्र के अनेकानेक चित्र प्रस्तुत करने के लिए सबसे अधिक विकल्प उपन्यासकार के पास ही होते हैं। प्रेमचंद्र के उपन्यास व्यष्टि और समष्टि की सटीक व्याख्या करते हैं। उसमें मनुष्यों की सैद्धांतिक जटिलताओं और प्रपंचों से मुक्ति पाने का संदेश दिया गया। उनके उपन्यास सहजता व सरलता का प्रसार करते हैं। प्रेमचंद्र के उपन्यासों की रचना उस दौर में हुई, जब भारत सरकार में अंग्रेजी राज और उसके अत्याचार चरम पर थे। उनके उपन्यास में तत्कालीन घटनाएं सजीवता के साथ चित्रित की गयी हैं। प्रेमचंद ने अपने समय में साहित्य और समाज के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभायी, जिससे आम आदमी के मन में भी साहित्य के लिए भरोसा पैदा हुआ। प्रेमचंद ने अपना साहित्य मानव जीवन के उत्थान को ध्यान में रखते हुए लिखा। लोक संस्कृति के ऐतिहासिक संदर्भो एवं परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए प्रेमचंद्र ने ग्रामीण जीवन की अनेक प्रवृतियां, सादगी और उनके जीवन दर्शन को अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास गोदान में देश के किसानों के जीवन और उनके संघर्ष को मार्मिक संवेदनाओं के साथ चित्रित किया है। गोदान उपन्यास में किसान की नैया भूख और गरीबी के बीच झूलती रहती है। मगर फिर भी वह जरा भी विचलित नहीं होता, वह अपने आपको परिस्थितियों से घिरा नहीं मानता। गोदान में होरी का चरित्र भारतीय किसान को बड़ी ही सहजता से निरूपित करता है। गोदान में होरी की मृत्यु एक प्रतीक के रूप में ही है। जो किसान संस्कृति की अमरता और शाश्वतता के लिए चिर संघर्ष की चेतना का उद्घोष करता है। इसलिए गोदान उपन्यास का विश्व साहित्य मे एक महत्वपूर्ण स्थान है। गोदान में प्रेमचंद ने एक किसान को उपन्यास का नायक बनाकर प्रस्तुत किया है। गोदान भारतीय जीवन साहित्य की अनुपम कृति है। प्रेमचंद चाहते थे कि देश की सभी माताएं अपने बेटों को वीरोचित संस्कार दें। प्रेमचंद ने अपने नारी पात्रों में देशभक्ति का एक उच्चतम शिखर दिखाया है। रंग भूमि में जान्हवी को यह मंजूर नहीं था कि उनका बेटा वीरों जैसी जिंदगी की बजाय प्रेम संबंधों में अपना ध्यान लगाए। विनय द्वारा सोफिया के नाम पत्र लिखा देखकर वह सोफिया को धिक्कारती हुई उससे कहती है मैं विनय को ऐसा मनुष्य बनाना चाहती है जिस पर समाज को गर्व हो। मैं अपने बेटों को सच्चा राजपूत बनाना चाहती हूं। आज वह किसी की रक्षा के निमित अपने प्राण दे तो मुझसे अधिक भाग्यवती संसार में न होगी।

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है। मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है। कबीर दास जी ने इसी बात को अपने दोहे में कहा है मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में ना तीरथ में ना मूरत में, ना एकांत निवास में ना मंदिर में ना मस्जिद में ,ना काशी कैलास में मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में ना मैं जप में ना मैं तप में, ना मैं ब्रत उपबास में ना मैं किरिया करम में रहता नहीं जोग सन्यास में मोको कहाँ ढूंढे रे बंदे ,मैं तो तेरे पास में।। कबीर दास जी ने कहा है कि भगवान को कहीं ढूंढने की जरूरत नहीं है वह हमेशा अपने भक्तों के साथ रहते हैं। इन्हें पाने के लिए तीर्थस्थलों में भटकने की जरूरत नहीं है। मन से ध्यान करके देखिए ईश्वर नजर आ जाएगे। कभी ध्यान लगाकर देखिए ईश्वर में मन जितना स्थिर होगा ईश्वर की छवि उतनी साफ सामने नज़र आएगी।

## आज का सुविचार

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।

- सत्यसाई बाबा

मनुष्य की महानता उसके कपडों से नहीं बल्कि उसके चरित्र से आँकी जाती है।

- स्वामी विवेकानन्द

# मुंशी प्रेमचंद: आम आदमी के साहित्यकार

लेखक - योगेश कुमार गोयल

आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह और उपन्यास सम्राट महान् कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने अपने लेखन के माध्यम से न सिर्फ दासता के विरुद्ध आवाज उठाई बल्कि लेखकों के उत्पीड़न के विरुद्ध भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उपन्यासों और कहानियों के अलावा नाटक, समीक्षा, लेख, संस्मरण इत्यादि कई विधाओं में साहित्य सृजन किया। प्रेमचंद ऐसे कहानीकार और साहित्यकार थे, जिन्हें आज भी सबसे ज्यादा पढ़ा जाता रहा है। उन्हें 'आम आदमी का साहित्यकार' भी कहा जाता है। चूंकि उनकी लगभग सभी कहानियां आम जीवन और उसके सरोकारों से ही जुड़ी होती थी, इसीलिए उनके सबसे ज्यादा पाठक आम लोग रहे हैं। दरअसल उन्होंने अपने सम्पूर्ण साहित्य लेखन में एक आम गरीब आदमी की पीड़ा को न केवल समझा बल्कि अपनी कहानियों और उपन्यासों के जरिये उसका निदान बताने का प्रयास भी किया। उन्होंने अपनी लगभग सभी रचनाओं में आम आदमी की भावनाओं, उनकी परिस्थितियों, समस्याओं तथा संवेदनाओं का मार्मिक शब्दांकन किया। आज भी हिन्दी भाषी दिग्गज लेखकों और साहित्यकारों का यही मानना है कि मुंशी प्रेमचंद जैसा कलमकार हिन्दी साहित्य में न आज तक कोई हुआ है और न होगा। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज को सदैव रूढ़िवादी परम्पराओं और कुरीतियों से निकालने का प्रयास किया। उन्हें 'हिन्दी साहित्य का माइलस्टोन' भी कहा जाता है। कम ही लोग यह जानते हैं कि जो मुंशी प्रेमचंद हिन्दी लेखन के लिए इतने विख्यात रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू से की थी। अपना पहला साहित्यिक कार्य उन्होंने गोरखपुर से उर्दू में शुरू किया था और 1909 में कानपुर के 'जमाना प्रेस' से उर्दू में ही उनका पहला कहानी-संग्रह 'सोज ए वतन' प्रकाशित हुआ था, जिसकी सभी प्रतियां ब्रिटिश सरकार द्वारा जब्त कर ली गई थी। उस समय में वे उर्दू में 'नबावराय' के नाम से लिखते थे। उनका लिखा कहानी संग्रह जब्त करने के बाद 'जमाना' के सम्पादक मुंशी दयानारायण ने उन्हें परामर्श दिया कि भविष्य में अंग्रेज सरकार की नाराजगी से बचने के लिए नवाब राय के बजाय वे नए उपनाम 'प्रेमचंद' के नाम से लिखना शुरू करें। इस प्रकार वे नवाब राय से प्रेमचंद बन गए। उत्तर प्रदेश में वाराणसी के लमही गांव के डाक मुंशी अजायबलाल के घर 31 जुलाई 1880 को जन्मे धनपत राय श्रीवास्तव उर्फ मुंशी प्रेमचंद की आज हम 143वीं जयंती मना रहे हैं। प्रेमचंद वकील बनना चाहते थे लेकिन आर्थिक तंगी के चलते उनका वह सपना पूरा नहीं हो सका। मुंशी प्रेमचंद विधवा विवाह के पक्षधर थे और इसी कारण उन्होंने पहली पत्नी के निधन के बाद समाज के विरुद्ध जाकर वर्ष 1905 में 25 साल की आयु में शिवरानी नामक एक बाल विधवा से विवाह किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों में बदलाव आया। वैसे तो उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में लेखन कार्य शुरू कर दिया था लेकिन उनके लेखन में परिपक्वता शिवरानी से विवाह के बाद ही आई थी, जिससे उनके लेखन की मांग बढ़ने लगी। उनकी दूसरी पत्नी शिवरानी ने ही बाद में उनकी जीवनी लिखी थी। अपने जीवन के आखिरी दिनों में प्रेमचंद जलोदर नामक बीमारी से ग्रसित हो गए थे और 8 अक्तूबर 1936 को दुनिया से अलविदा हो गए।मुंशी प्रेमचंद एक दिन बालेमियां मैदान में महात्मा गांधी का भाषण सुनने गए और उनके विचारों से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और उसके बाद पूरी तरह से स्वतंत्र लेखन में जुट गए। अपने जीवनकाल में मुंशी प्रेमचंद ने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें और हजारों की संख्या में लेखों व संस्मरणों की रचना की। उनके चर्चित उपन्यासों में बाजार-ए-हुस्न (उर्दू में), गोदान, कर्मभूमि, गबन, सेवा सदन, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान, प्रेमा इत्यादि और कहानियों में पूस की रात, नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी, कफन, मंत्र, नशा, शतरंज के खिलाड़ी, आत्माराम, बड़े भाईसाहब, बड़े घर की बेटी, उधार की घड़ी, जुर्माना इत्यादि बहुत प्रसिद्ध रही। अपना अंतिम कालजयी उपन्यास 'गोदान' उन्होंने वर्ष 1936 में लिखा, जो बेहद चर्चित रहा और आज भी आधुनिक क्लासिक माना जाता है।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण मासे शुक्ल पक्ष, वर्षा ॠतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि त्रियोदशी, चर्तुदर्शी, सोमवासरे, मूल नक्षत्रे, पूर्वाषाढ़ नक्षत्र, विवयोगे, तैतिल करणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 27/51 से क्रय विक्रय मुर्हूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक किन्तु जिद्दी-हठी, लकड़ी का व्यापारी, ठेकेदार, ट्रक चालक, ट्रक मालिक, बस मालिक, ट्रांसपोर्टर, बाडी मेकर, मैकेनिकल इंजीनियर, ठेकेदार, धनी होगा।

**मेष राशि** - बढ़िया यात्रा, विवाद, कष्ट, मातृ कष्ट, व्यय, विरोध होगा, आंशिक हानि की संभावना।

**वृष राशि** - धन लाभ, व्यापार में प्रगति, शुभ कार्य होगा, आशानुकूल परिणाम से हर्ष होगा।

**मिथुन राशि** - पितृ कष्ट, यात्रा योग, व्यय लाभ, अशांति का वातावरण रहेगा, धैर्य रखें।

**कर्क राशि** - यात्रा शुभ होगी, भूमि लाभ, हर्ष, कार्य सिद्धी, गृहकार्य की व्यवस्था पूर्ण होगी

**सिंह राशि** - शत्रु भय, प्रवास, विरोध, उद्योग-व्यापार में लाभ, लाभ के कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि** - लाभ, सिर-नेत्र पीड़ा होगी, यात्रा परेशानीयुक्त होगी, धैर्य के साथ कार्य पूर्ण करें।

**तुला राशि** - सुख, सफलता, निर्माण कार्य होगा, प्रवास, राजकार्य में व्यावस्था से लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि**- मानसिक तनाव आकस्मिक बढ़ेगा, स्वजनों से सहानुभूति अवश्य मिलेगी।

**धनु राशि** - व्यवसाय की उन्नति से आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार होगा, समय का लाभ लें।

**मकर राशि** - विलास सामग्री का संचय होगा, अधिकारी वर्ग की कृपा का लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि** - इष्ट मित्रों से लाभ, अच्छा सहयोग मिलेगा, उत्तम लाभ के योग बनेंगे।

**मीन राशि** - गृह कलह, हीन मनोवृत्ति रहेगी, शरीर पीड़ा तथा परेशानी अवश्य ही बनेगी।

## आज का कार्टून



## पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण श्रावण मेला व प्रदर्शनी का डॉ रामशंकर कठेरिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया



**इटावा/भरथना।** कस्बा के जवाहर रोड स्थित राइस मिल परिसर में आयोजित पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण श्रावण मेला व प्रदर्शनी का बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने रविवार को फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन से संस्कृति का प्रसार होता है और आपसी भाईचारा बढ़ता है। प्रदर्शनी आयोजक आनंद अवस्थी आदि द्वारा मुख्य अतिथि सांसद श्री कठेरिया आदि का माल्यार्पण, पगडी व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व सभासद हरिओम दुबे,अध्यक्ष अनूप जाटव,ओमप्रताप सिंह बण्टू गौर, , कृष्णहरि दुबे छोटू, सुमेध अवस्थी, शैलेन्द्र सेंगर बउआ आदि मौजूद रहे। इससे पहले कस्बा के आजाद रोड निवासी निशान्त पोरवाल एड के कार्यालय पर सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया का भरथना रेलवे स्टेशन पर गोमती व फरक्का एक्सप्रेस का ठहराव दिलाने के लिए संभ्रांतजनों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्मान किया।

## राष्ट्रीय सनातन एकता मंच की उत्तर प्रदेश इकाई का किया गया विस्तार



जसवंतनगर(इटावा) ।राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैभव चास्टा के निर्देश पर कोर कमेटी की बैठक में उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है यह जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत चतुर्वेदी ने बताया कि अरुणा त्रिपाठी को प्रदेश मंत्री, वीके चंद्रभान जोहरी को संरक्षक एवम प्रचारक, धीरेंद्र दुबे को कानपुर मंडल महासचिव, अजय भौदोरिया जिला प्रभारी इटावा, आशीष कुमार को जिला संगठन मंत्री, परशुराम उपाध्याय को जिला महासचिव , चौधरी प्रभात दुबे प्रदेश कार्यकरणी में सदस्य, श्रीमती प्रीति को जिला सचिव महिला मोर्चा , प्रीति दुबे को जिला महामंत्री, अंजली देवी को जिला सचिव , श्रीमती वीनू जिला संगठन मंत्री को सनातन धर्म व वैदिक शिक्षा तथा राष्ट्रवाद के प्रचार प्रसार के लिए जिम्मेदारी सोपी गई। इनके मनोनियन पर उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय दुबे , प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा दीपी सिंह, तरुण दुबे, रेनू उपाध्याय, अम्रता चौहान, सुधीर तोमर, अंकुश भारद्वाज, श्याय दत्त कोशिक, रेनू चतुर्वेदी, सुखवीर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष अर्चना आदि ने बधाई दी।

## मानसिक रूप से कमजोर लापता पुत्र की ख़ोजबीन को पिता ने पुलिस से गुहार लगाई

**इटावा/भरथना।** मानसिक रूप से कमजोर लापता पुत्र की ख़ोजबीन को पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है। तुरैया गांव निवासी रणवीर सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि बीती 26 जुलाई से राहुल (20) लापता है,वह मानसिक रूप से कमजोर है। संभावित स्थानों पर ख़ोजबीन करने के बाद भी अब तक उसका कोई सुराग नही मिल सका।पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## 5 दिन लापता रहा युवक जयपुर जाते में जहरखुरानी का शिकार हुआ था



जसवंतनगर;इटावाद्ध। 24 जुलाई को नगर के मोहल्ला मोहन की मड़ैयाए लुधपुरा से अपनी नौकरी पर जयपुर लौटा युवक रास्ते में जहरखुरानी का शिकार हो गया था। युवक प्रदीप कुमार शाक्य ;25 वर्षद्ध पुत्र स्वर्गीय मेघ सिंह शाक्य पिछले 24 जुलाई से ही लापता था और उसके जयपुर न पहुंचने पर घरवाले परेशान हो गए थे उन्होंने उसके लापता होने की सूचना जसवंत नगर थाने को दी थी थी। यह युवक शनिवार शाम अपने घर लुदपुरा लौट आया। उसने बताया है कि 24 जुलाई को जब वह जयपुर के लिए रवाना हुआ थाए तो रास्ते में आगरा से आगे किन्ही लोगों ने उसे समोसे खिलाकर जहर खुरानी का शिकार बना लिया था। बाद में वह आगरा के एक आगे बेहोशी की हालत में एक अस्पताल में 2 दिन तक इलाज के लिए भर्ती रहा और जब जयपुर पहुंचा तो वहां पता चला कि उसके पिता की मौत हो गई है और उसका अता पता नहीं था। वह शनिवार सुबह जयपुर से सीधा अपने गांव आया है। युवक जयपुर में किसी कंपनी में ठेकेदार के अधीन मॉड्यूलर किचन बनाने का काम का काम करता था। अपने बीमार पिता को देखने 21 जुलाई को घर आया था और दो.तीन दिन रहने के बाद 24 जुलाई की दोपहर जयपुर के लिए रवाना हुआ था।युवक का फोन जब वह जसवंतनगर आ रहा थाए तभी रास्ते में कहीं गुम हो गया था। 24 जुलाई को युवक दोपहर में जसवंत नगर से जयपुर रवाना हुआ था और उसी दिन देर रात देर रात उसके पिता मेघ सिंह शाक्य का स्वर्गवास हो गया था। अंतिम संस्कार में वह। भाग नहीं ले सका था। अब युवक प्रदीप कुमार के घर लौट आने से परिजनों को शांति मिली है। उन्होंने जसवंत नगर पुलिस को प्रदीप के सकुशल लौट आने की सूचना दी है। मोहल्ला के सभासद पति हेमू शाक्य ने बताया है कि लापता हुए प्रदीप कुमार जहर खुरानी के शिकार होने के कारण अभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं है।

## डूबे युवक का 38 घंटे बाद शव बरामद किया

**इटावा। भरथना के ग्राम रपटपुरा के समीप तुरैया नहर के समीप पानी में डूबे नवयुवक का शव 38 घंटे बाद कर्वा पुल के समीप नजर आने पर बरामद किया गया। ग्राम मंगूपुरा निवासी नेत्रपाल कमल ने बताया कि उनका 18 वर्षीय भतीजा बृजेश कुमार 28 जुलाई को धान की रोपाई के दौरान ग्राम रपटपुरा के समीप तुरैया नहर में नहाने के दौरान अपराह्न दो बजे डूब गया था। उसकी तलाश में पिछले दो दिन से एसडीआरएफ व आसपास के गोताखोरों सहित थाना पुलिस जुटी थी। रविवार को तड़के करीब चार बजे ग्राम कर्वा के समीप पुलिया के पास शव नहर में बहता नजर आया। शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। बृजेश का शव बरामद होते ही उसके माता-पिता सहित भाई बहन का रो-रो कर बुरा हाल है।**

# ढोल नगाड़ों के साथ निकली राधा माधव नगर संकीर्तन यात्रा



इटावा। अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में प्रत्येक माह निकाली जाने वाली नगर संकीर्तन यात्रा रविवार को छिपेटी मोहल्ला के दूसरी इमली के पास ददरौआ धाम स्थित धीरेंद्र भदौरिया उर्फ अल्लू ठाकुर के आवास से ढोल नगाड़े बजाते हुए बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की और युगल सरकार की आरती उतारी। इससे पूर्व संकीर्तन मंडल से जुड़े सदस्यगण और श्रद्धालु प्रात:काल यात्रा के यजमान अल्लू ठाकुर के निवास पर पहुंचे जहां श्री राधा माधव युगल सरकार की पालकी को कांधे पर रख श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन करते हुए यात्रा आरंभ की, जो ढोल नगाड़े बजाते हुए छिपेटी की गलियों से होकर पचराहा, राजागंज चौराहा, नरेश यादव के बल्देव मिष्ठान,गाड़ीपुरा मार्ग, भारों वाला चौराहा,रामलीला रोड होते हुए शिवाजी पुरम स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पर पहुंची। इस बीच मार्ग में अनेक स्थानों पर भक्त श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की तथा युगल सरकार की आरती कर प्रसाद बांटा। यात्रा के विश्राम पर धीरेंद्र भदौरिया, उपासना भदौरिया, साहिल, शिवा, आर्यन द्वारा सभी भक्तों का स्वागत कर प्रसाद वितरित किया गया। आज की यात्रा में ही जी सी मिश्रा ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की जिनका विष्णु नारायण शोरावाल, राम मनोहर दीक्षित व राजीव अवस्थी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। यात्रा को सफल बनाने में संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, सचिव विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेंद्र कुमार दीक्षित राजेश वाजपेई, नारायण किशोर वाजपेई, अवनेश तिवारी, जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल, नरेश चंद्र यादव, कमल किशोर वाजपेई, सुधीर पुरवार, अशोक सिंह चौहान, अनंत अग्रवाल, ओपी मिश्रा, राजीव अवस्थी,राजीव कुमार त्रिपाठी, जितेंद्र दुबे दद्दू, राम प्रकाश पांडेय, अन्नू दीक्षित विशेष रूप से साथ रहे।

# जसवंत नगर के अनेक मोहल्लों में बंदरों का आतंक, कईयों को काटा



जसवंतनगर (इटावा)। नगर में इन दिनों बंदरों का जबरदस्त आतंक है। उन्होंने कईयों को काट कर लहूलुहान किया है। बरसात का मौसम चलने और खेतों में पानी भरे होने, साथ ही बाजरा के अभी तक न बोए जाने और मक्का की फसलें कट जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से बंदरों का पलायन जसवंतनगर के विभिन्न मोहल्लों में हो गया है। बंदरों का सर्वाधिक प्रकोप मोहल्ला कटरा पुख्ता, अहीर टोला सब्जी मंडी आदि में है। बड़े बंदरों के साथ-साथ उनके बच्चे भी मोहल्लों में उछल कूद मचाते लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। स्थानीय मोहल्ला कटरा पुख्ता में तो यह हालत है कि यहां कीगलियों में 20-20 और 25-25 बंदर एक साथ सरेआम घूमते हैं। घरों की छतों पर चढ़कर लोगों का नुकसान पहुंचाते हैं। बंदरों ने बरसात के इस मौसम में महिलाओं को कपड़ों का सुखाना भी दूभर कर दिया है। हालत यह है कि इन्हे भगाने या ललकारने पर वह सीधा हमला बोलते हैं। कटरा पुख्ता मोहल्ले में पिछले 3 दिन के दौरान 4 लोगों को इन बंदरों ने काटा है। किसी एनिमल के काटने पर जहर ना फैले, इस आशंका में लोगों को इंजेक्शन भी लगवाने पड़ रहे हैं, जो कि यहां के सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है।लोग प्राइवेट तौर पर खरीद कर इंजेक्शन लगवा रहे हैं। नगर वासियों ने पालिका प्रशासन से बंदरों से मुक्ति दिलाने की मांग की है और पशुओं को पकड़ने वाले वाहन से इन्हें पकड़कर बाहर छुड़वाने का आह्वन किया है।

## कचौरा बाईपास पर रेलवे पुल की टूटी रेलिंग कर रही हादसे का इंतजार



जसवंतनगर(इटावा)।हाईवे स्थित मॉडल तहसील के सामने कचौरा बाईपास पर रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग टूटे लगभग दो वर्ष बीत गए है, मगर अभी तक लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने इसे ठीक नहीं कराया है।एक वर्ष में ही 2 हादसे इस रेलिंग के कारण हो चुके हैं ।यह माना जा रहा है कि ओवरब्रिज की टूटी पड़ी रेलिंग अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार है।आए दिन इस ब्रिज होकर कोई ना कोई अफसर गुजरता है मगर उन्होंने इसे ठीक कराने की कोई कोशिश नहीं की है।इसी वजह से कोई न कोई हादसा इस पर हो जाता है। पिछले साल तो एक ट्रक ही इस टूटी रेलिंग से नीचे गिर गया था।इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कतई ध्यान नहीं दिया । शायद वह किसी बड़े हादस का इंतजार कर रहे हैं। इन अधिकारियों को कौन समझाए कि हादसे में जान देने वाले कोई इनके अपने भी हो सकते हैं! क्षेत्रीय जनता ने हादसों से बचने के लिए टूटी पड़ी ब्रिज की रेलिंग को तत्काल सही कराने की मांग की है . ।माग करने वालो में रामाधार सिंह एडवोकेट, यशपाल सिंह एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य भुजवीर सिंह यादव एडवोकेट, प्रभात दुबे , डंपी ठाकुर, अजय पाल, शिव प्रशाद, मनोज कुमार, राजवीर सिंह, आदि शामिल हैं। अवर अभियंता लोक निर्माण विभाव हरनाम सिंह ने बताया कि इसका आंकलन करके भेजा गया है बजट आने पर उसे ठीक करा दिया जायेग।

# पैर फिसलने से निचली गंग नहर में डूबे किशोर का 36 घंटे बाद शव मिला



**इटावा/भरथना।** क्षेत्र अंतर्गत ऊमरसेन्डा व तुरैया नहर पुल के मध्य स्थित रपटपुरा गांव के सामने शुक्रवार को अपराह्न करीब 3 बजे नहर किनारे नहाने के दौरान पैर फिसलने से पानी मे डूबे मंगूपुर गांव निवासी ब्रजेश (15) पुत्र जगदीश का 36 घंटे का शव मिल सका। शनिवार की रात करीब तीन बजे घटना स्थल से लगभग चार किलोमीटर दूर करवा गांव की पुलिया के पास ब्रजेश का शव मिलने पर पिता जगदीश,मां शीला देवी,भाई राजेश बहिन संगीता आदि परिजन रोते बिलखते रहे।पुलिस ने पंचनामा भरकर जिला पोस्टमार्टम ग्रह भेजा गया।

मृतक के भाई राजेश ने बताया कि शनिवार की रात करीब तीन बजे करवा गांव के सामने स्थित पुलिया के पास नहर के पानी मे उतराता शव देखकर ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया। बताते चले शनिवार की सुबह से शाम तक लखनऊ से आई राज्य आपदा मोचन बल की 15 सदस्यीय टीम में मौके पर पहुँचकर मोटरचालित नाव व कांटा आदि से घटना स्थल से नदी की बहाव की तरफ लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ऊमरसेन्डा नहर पुल तक गहरे पानी व किनारों की पड़ताल की गई मगर डूबे किशोर का पता नही चल सका था।उससे पहले आसपास गांव के गोताखोर भी तलाश में जुटे रहे थे।सूचना पर सीओ विवेक जावला,प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी आदि मौके पर पहुँचे थे।

# ओवर प्रेशर से पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन फटी



## कई मोहल्लों की जलापूर्ति ठप

जसवंतनगर( इटावा) ।नगर के मोहल्ला लुधपुरा में शनिवार शाम पेयजल सप्लाई करने वाली एक पाइप लाइन फट गई ,जिससे मोहल्ला लुधपुरा, रेल मंडी, मोहन की मड़ैया, नदी पुल आदि इलाकों की जलापूर्ति बाधित हो गई। बताया गया है लुधपुरा मोहल्ले में स्थित पानी की टंकी से आपूर्तित होने वाले पानी का प्रेशर कैसे भी बढ़ गया, जिससे यह पाइपलाइन फटी। लाइन के फटने की सूचना पालिका प्रशासन को मिलने पर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने तुरंत ही पेयजल नियंत्रित करने वाले कर्मचारियों की टीम लगाई। इन कर्मचारियों ने लगातार 11 घंटे की कड़ी मसक्कत की और जैसे ही यह लाइन ठीक हुई तथा जलापर्ति चालू की गई तो दूसरी जगह पाइप लाइन फट गई। इस वार्ड के सभासद पति हेमू शाक्य ने बताया है कि कर्मचारी दूसरी जगह पाइपलाइन को ठीक करने में जुट गए हैं। उम्मीद है कि सोमवार की दोपहर तक पाइप लाइन दुरुस्त कर दी जाएगी, तब तक पानी की सप्लाई रैलमण्डी, लुधपुरा,मोहन की मड़ैया में बाधित रहेगी।

# पूरी अकीदत और अमनो चैन के साथ ताजिए कर्बला में सुपुर्द ए खाक

## *जसवंत नगर के सांप्रदायिक सौहार्द पर प्रशासन खुश



जसवंतनगर (इटावा) ।10 दिन तक चले मोहर्रम के मौके पर निकाले गए ताजिए शनिवार देर रात यहां ईदगाह के पास स्थित कर्बला में पूरे अकीदत के साथ सुपुर्दे खाक कर दिए गए। नगर के विभिन्न ताजिया रखने के स्थानों और इमाम बाड़ों से उठे ताजिए मातमी धुन के साथ पूरे नगर में जुलूस के साथ घूमे। बाद में कर्बला पहुंचे। जुलूस के दौरान कई जगह मातम में डूबे लोगों ने लुट्टस की। मातम में डूबे और जुलूस में शरीफ लोगों के लिए जगह जगह शरबत और अन्य खानपान की वस्तुओं का इंतजाम किया गया था। स्थानीय मोहल्ला कटरा बिल्लोचियान से जलूस आरंभ हुआ, जहां नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने गमगीन माहौल में ताजियों को विदाई दी। उनका इस अवसर पर कई सभासदों ने चादरपोषी के साथ मयस्सर किया। इनमें मोहम्मद फारुख, मोहम्मद फैजान, पूर्व सभासद शहाबुद्दीन कुरेशी, हाजी मोहम्मद अहसान आदि शामिल थे। पालिका अध्यक्ष के साथ भी नगरपालिका के अन्य कई सभासदों के अलावा मोहित शाक्य, विक्रम संखवार भी मौजूद थे। मातमी जुलूस में सराय खाम, फक्कड़ पुरा आते आते कई ताजिए शामिल हो गए थे। इनमें कई बहुत ही भव्य और नक्काशीदार थे। लोगों ने विदाई ताजियों से से नींबू तोड़कर दुआएं मांगी और दुआएं पूरी होने पर चांदी और सोने के नींबू चढ़ाएं। जुलूस में मातम में डूबी महिलाओं पुरुषों और बच्चों की संख्या ऐतिहासिक थी। इस अवसर पर प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाया हुआ था, जिसका नेतृत्व स्वयं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर अतुल प्रधान, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ,और कस्बा चौकी इंचार्ज कपिल चौधरी कर रहे थे । जुलूस के दौरान पूरी तरह से अमनो चैन कायम रहा। कहीं से भी किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली। उप जिलाधिकारी कौशल कुमार ने शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का पर्व संपन्न होने पर सभी समुदाय के लोगों का आभार व्यक्त किया है।

## उधारी मांगी तो हुई पिटाई

**बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भर ईपुरा में एक युवक द्वारा 15 दिन पूर्व दुकान से सामान उधार लेने के बाद जब दो भाईयों से रुपए मांगे तो दोनों भाईयों ने दुकनदार के भाई की मारपीट कर सिर लहुलुहान कर दिया। जिसका मुकदमा दुकनदार ने दोनों भाईयों के विरुद्ध दर्ज कराया। इस मारपीट की घटना के सम्बंध में ग्राम भर ईपुरा निवासी विकास कुमार पुत्र कृष्णकुमार दुबे ने थाना बकेवर में दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि गाँव के किनारे उनकी किराने की दुकान है। जिस पर गाँव के ही विजय वर्धन व राजवर्धन पुत्रगण अरुण कुमार दोनों भाई उधार सामान लेते रहे जब इनसे उधार के रुपए मांगे तो इन्होंने रुपए तो नहीं दिये लेकिन मेरे भाई छोटे की लाठी डन्डों से एक राय होकर मारपीट कर दी इस घटना को मेरे माता पिता ने देखा। और गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये। इस घटना की लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी जिस पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच प्रारंभ करते हुए घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया।**

# बकरी चोर गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**चकरनगर, इटावा। सहसों थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुरा के समीप एक दिन पूर्व खोत पर चुंग रही एक पशुपालक की यमुनापारी बकरी को चोर बाइक पर रखकर भाग गए। सूचना पर दौड़ी पुलिस ने चोरों को बकरी सहित दो तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। दर्ज मुकदमे के मुताबिक आरोपितों को जेल भेजा गया। मोहित यादव पुत्र आशाराम नित्य की भांति 28 जुलाई को फूप चौरेला मार्ग किनारे अपने खेतों पर यमुनापारी बकरियों को चुंगा रहे थे। इसी दौरान हनुमंतपुर चौराहे की तरफ से गए पल्सर बाइक सवार दो चोरों ने करीब दो लाख रुपये की एक जमुनापारी बकरी को उठाकर बाइक पर रख लिया और फूप की तरफ भाग गए। पशुपालक की चीख-पुकार पर दौड़े ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चोरों तरफ नाकाबंदी कर ली। रात्रि समय करीब साढ़े 12 बजे चोर पल्सर बाइक से कीमती यमुनापारी बकरी को लेकर एमपी में ऊमरी की तरफ भाग रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने चोरों को धर दबोचा। पकड़े गए चोरों की जामा तलाशी में पुलिस को दो तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए, साथ ही चोरी की गई दो लाख रुपये की जमुनापारी बकरी व चोरी में इस्तेमाल की गई पल्सर बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम कौशल कुमार पुत्र रामचंद्र हाल निवास वैशाली घाट थाना इकदिल व दूसरे ने मनोज कुमार उर्फ बबलू पुत्र जगदीश सिंह निवासी नगला जगे थाना सिविल लाइन इटावा तथा दोनों अभियुक्तों ने पूर्व का पता ग्राम मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद स्वीकार किया है। पकड़े गए दोनों बकरी चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिया। राजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छह घंटे के अंदर दोनों बकरी चोरों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से दो तमंचे, चार कारतूस, बल्सर बाइक व बकरी भी बरामद की गई।**

## पतिकाप्यार और मौत: पत्नी के मरने का सदमा न कर सका बर्दाश्त, उठाया ऐसा कदम; जिंदगीभर का दिया दर्द

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 30 जुलाई जनपद के बिछवां गांव मरहरी निवासी एक युवक ने बृहस्पतिवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन मेडिकल कॉलेज सैफई ले गए। वहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद वह अधिक शराब पीने लगा था। पत्नी की मौत के बाद पति इस कदर सदमे में आ गया कि वो उदास रहने लगा। घर आना–जाना भी कम कर दिया। इतना ही नहीं वो शराब पीने लगा और फिर उसने जहर खाकर अपनी जान दे दी। इतना भी नहीं सोचा कि मौत के बाद उसके दोनों बच्चों का क्या होगा। मैनपुरी के बिछवां गांव मरहरी निवासी एक युवक ने बृहस्पतिवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन मेडिकल कॉलेज सैफई ले गए। वहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजन ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद वह अधिक शराब पीने लगा था।

## अपने ही घर लुटी द्रोपदी,किससे अपना दर्द कहे- राजकिशोर राज'

### काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन,कवियों में दिख जोश

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी ।शुक्रवार को नगर के डॉ.जयंती प्रसाद जयंती के आवास खिलौना साहित्य सदन पर 47वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.दलवीर सिंह ने की। वहीं सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर काव्यगोष्ठी की शुरुआत हुई ।काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि रमेशचन्द्र चक रहे। काव्य गोष्ठी में कवि राजकिशोर राज ने अपने ही घर लुटी द्रोपदी,किससे अपना दर्द कहें,धर्मराज के नेत्र बन्द हैं,मौन यहां धृतराष्ट्र हुए कविता सुनाई ।कवि निर्भय गयाराम साहेब ने हिसंक बनि न बरतिये तजिये साथ अभाग,परहित करि परमारथ ही संत सीख पर भाग कविता सुनाई ।मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र चक ने जागो जागो हिन्दू भाई,क्यों बंटे अनेक भागों में,कोई कैसे सबको जोड़े,अनुरागा के धागों में कविता सुनाई ।साहित्य चिंतक मान सिंह शास्त्री ने है सब दोष हमारा किस्मत का दोष नहीं है,है हाथ हाथ में तेरे पर तुझको होश नहीं है कविता सुनाई ।कवि दलवीर सिंह मानव ने सांचे रीति रिवाज तील कहे चालाकी चैन,मुंह के बदले नाक में पानी पी बेचैन कविता सुनाई ।कवि डॉ.जयंती प्रसाद जयंती ने कौआ देख कौआ आता साथ साथ चुंगता है,आदमी से आदमी है दूर भाग जात है कविता सुनाई।

## चतुरीपुर में चेकिंग के दौरान विद्युत टीम से अभद्रता

मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी ।थाना क्षेत्र के गांव चतुरीपुर में विद्युत चोरी पकड़ने गए विद्युत उपखंड अधिकारी से कहासुनी हो गयी ।इसके बाद विद्युत चोरी कर आटा चक्की चलाने वाले लोगों ने विद्युत टीम पर छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया ।सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही लोग मौके से भाग गए ।इस मामले में एक लिखित शिकायत भी की गई है ।शुक्रवार की देर रात्रि उपखंड अधिकारी रजत शुक्ला को चतुरीपुर में श्रीचंद द्वारा चोरी से आटा चक्की चलाने की सूचना मिली ।सूचना पर उपखंड अधिकारी रजत शुक्ला,जेई चौराईपुर ओमप्रकाश,जेई किशनी विवेक कुशवाह लाइनमैनों की टीम के साथ गांव चतुरीपुर पहुंच गए ।टीम को देखते ही विद्युत चोर केबिल खींचने लगे जिसका वीडियो विद्युत टीम ने बना लिया ।वीडियो बनाता देख आटा चक्की चलाने वाले श्रीचंद उसका पुत्र हैप्पी यादव उसकी पत्नी लाठी डंडे लेकर विद्युत टीम से कहासुनी करने लगे जिसकी सूचना पुलिस को मिल गयी ।पुलिस के पहुंचते ही आटा चक्की संचालक मौके से भाग गए ।इस मामले में उपखंड अधिकारी रजत शुक्ला ने मय टीम के थाने पहुंचकर एक शिकायती पत्र भी दे दिया ।उपखंड अधिकारी ने कहा कि विद्युत चोरी कर आटा चक्की चलाने पर उनके द्वारा विद्युत चोरी करने की कार्यवाही की गई है ।शिकायती पत्र सिर्फ पुलिस को जानकारी के लिए दिया गया है ।वही प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह का कहना है कि विद्युत टीम रात्रि में चैकिंग के दौरान पुलिस बल लेकर जाएं ।सूचना पर चतुरीपुर पहुंची पुलिस को सिर्फ कहासुनी का मामला मिला है।

## गोकुलपुर सामूहिक हत्याकांड की तर्ज पर दी जा रही जान से मारने की धमकी

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी ।थाना क्षेत्र के नगला काशी बसैत निवासी सरमन सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल ने एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया है ।दिए शिकायती पत्र में आरोप है कि बड़े व छोटे पुत्र के द्वारा खेती के बंटवारे को लेकर मुझे व मेरी पत्नी के मारपीट कर दी ।इतना ही नही लगातार पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी देते है ।और कहते है कि जैसे गोकुलपुर कांड हुआ उसी तरीके से हम लोग भी वही कर देंगे ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लड़की की शादी में दिए उधार रुपये मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी ।थाना क्षेत्र के गांव चंदरपुर बसैत निवासी शेष कुमार ने पुलिस को उधार दिए रुपये वापस न करने का आरोप लगाया है ।शेष कुमार का दिए शिकायती पत्र में कहना है कि उठाने 17 फरवरी 23 को गांव के गिरेन्द्र ने 50 हजार रुपये अपनी बेटी की शादी में उधार लिए और तीन हजार रुपये ब्यूटीपार्लर वाली को दिलवाए थे ।कुल दिए 53 हजार रुपये देने से मना कर रहे है ।जब घर पर उनके मांगने गया तो वह और उनका बेटा गौरव ने गालियां देते हुए लाठी डंडे लेकर जान से मारने की धमकी दी है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराबी युवक ने महिला के साथ की मारपीट,दी जान से मारने की धमकी

जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी। मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस में शिकायत की है ।आरोप है कि गांव के ही शराबी युवक ने अकारण गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।बचाने आये युवक को भी मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिंचाई की नाली तोड़ने की मना करने पर महिला को पीटा

जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी। मैनपुरी 30 जुलाई जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के नगला बख्ती निवासी प्रियंका देवी ने पुलिस से मारपीट करने की शिकायत की है।आरोप है कि गांव के ही नामजदों ने सिचाई के लिए खेत मे बनी कच्ची नाली को तोड़ दिया।रोकने पर दोनो ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नेशनल हाई-nh19 पर एक ट्रक का टायर अचानक पंचर होने से अनियंत्रित होकर बीच रोड पर पलट गया चालक बाल-बाल बचा

### ट्रक संख्या यूपी 83 की 1756 सिरसागंज से स्टेशनरी व इंजन ऑयल लोड कर इटावा ले जा रहा था

### यह ट्रक जैसे ही मीठापुर पुलिस चौकी के सामने चलते हुए पहुंचा अचानक टायर पंचर हो गया और ट्रक काअ नियंत्रण होकर बीच सड़क पर पलट गाया



**मैनपुरी 30 जुलाई** जनपद के थाना करहल क्षेत्र के नेशनल हाईवे मीठेपुर पुलिस चौकी के सामने अचानक चलते हुए ट्रक का टायर फटने से बीच रोड पर पलट गया बड़ा हादसा होने से टला प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह बारिश के चलते यह हादसा हुआ एक ट्रक सिरसागंज से स्टेशनरी तथा इंजन ऑल लोड कर इटावा ले जा रहा था झमाझम बारिश हो रही थी चलते चलते ट्रक जैसा है मीठेपुर पुलिस चौकी के श्याम ने पहुंचा अचानक उसका टायर पंचर होकर फट गया ट्रक बीच रोड पर पलट गया चालक गाड़ी की कैविन मैं दव गया और चालाक बचाओ के लिए छटपटा रहा था यह जानकारी जैसा ही मीठेपुर पुलिस चौकी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए बरसात में भीगते हुए मोकामा करते हुए नजर आ रहे थे पता चला कि ट्रक चालक गाड़ी कीकैविनमेफंसा हुआ चौकी इंचार्ज ने पुलिस जवानों के सहयोग से चालक को सुरक्षित निकाल लिया है यदि समय से पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो चालक की मौके पर मौत हो जाती चालाक दीपक कुमार पुत्र जितेंद्र सिंह चौहान निवासी औरंगाबाद थाना तहसील जसराना जनपद फिरोजाबाद का रहने वाला है चालक को मामूली सी चोट आई चौकी इंचार्ज ने प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया और काला कार्यवाही कर ट्रक मालिक और चालक के परिवारी जनों को फोन से सूचित किया चालक की जान बचाने में सहयोग करने वाली पुलिस टीम कांस्टेबल दलबीर सिंह संजय सिंह उमेश चंद्र पंकज सिंह के सहयोग की उपस्थित जानकारी सराहना की ट्रक मैं लोड सामान कोट सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया और उच्चाधिकारियों को सूचना दी

## जे सी वी की टक्क र से ऑटो पार्टस व्यवसाई की आगरा हॉस्पिटल मे मौत







**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 30 जुलाई जनपद के कस्बा घिरोर के मोहल्ला शाक्यान निवासी अमन शाक्य पुत्र चंद्र शेखर शनिवार को अपनी दुकान का सामान लेने के लिये मोटरसाइकिल से मैनपुरी जा रहे थे तभी दन्नाहार क्षेत्र में ओड़िन्य मंडल के पास जे सी वी से मोटरसाइकिल में टक्कर होने से घायल हो गये थे जिनके साथ एक मिकेनिक राघवेंद्र निवासी कानपुर भी घायल हो गये थे परिजन अमन को निजी हॉस्पिटल आगरा ले गये थे जहां शनिवार को रात मे अचानक अमन की हालत बिगड गयी जिसके कारण अमन की मौत हो गयी अमन की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक दो भाई है बड़े भाई शिवम शाक्य है तथा छोटे भाई अमन है अमन के पिताजी की मृत्यु बिजली के करंट के कारण कई वर्ष पूर्व हो चुकी है घर पर बड़े भाई और् मा के साथ ही अमन रहते थेअमन गोलचककर के पास अपनी मोटर पाट्र्स की दुकान करते थे अमन की मौत की सूचना पर परिवारिक जनो मे कोहराम मच गयाअमन को पोस्मार्टम के लिये आगरा मे ले जाया गया है परिबारीक् जनो का रो रो कर बुरा हाल है

## सातों दिन छोटे व्यापारी भी अपना प्रतिष्ठान खोल सकते- संतोष



इटावा। बड़े–बड़े मॉल शॉपिंग सेंटर की तरह छोटे व्यापारी भी अब 24 घंटे सातों दिन अपने प्रतिष्ठान को श्रम विभाग से अनुमति लेकर खोल सकते हैं

उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने पार पट्टी क्षेत्र में उदी पछाएगांव जेतपुरा कुंडेश्वर के संयुक्त कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए उन्होंने आगे कहा प्रदेश में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों की मांग पर पिछले 3 वर्षों से प्रदेश सरकार से धरना प्रदर्शन आंदोलनों से मांग की थी कि प्रदेश में दो प्रकार की व्यवस्था लागू कर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है इस व्यवस्था में बड़े घरानों द्वारा चलाए जा रहे मॉल शॉपिंग सेंटर के लिए अलग प्रक्रिया अपनाकर उन्हें 24 घंटे सातों दिन व्यापार करने की अनुमति दी जाती है वहीं छोटे व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है उनके लिए श्रम विभाग द्वारा साप्ताहिक बंदी से लेकर के तमाम कानून लादे गए हैं जिससे छोटे व्यापारियों का शोषण होता है उपरोक्त दोहरे कानून को समाप्त कराने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन व आंदोलन किए जिस पर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने हमारी मांगों को मान लिया और मॉल शॉपिंग सेंटर की तरह अब छोटे व्यापारियों को भी अनुमति लेकर व्यापार करने की व्यवस्था की है सभी व्यापारी इस व्यवस्था का लाभ प्राप्त करें कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना अतुल त्रिपाठी जिला महामंत्री शैलेश जैन जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर रामबाबू गुप्ता शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा राहुल चौहान रमेश यादव कर्नल विष्णु देवकीनंदन जैन आदि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय शूटर चंद्र मोहन तिवारी को देश के साथ इटावा का भी मान बढ़ाने के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम मैं प्रमुख रूप से उदी के अध्यक्ष राम कुमार शुक्ला पछाएगांव गजेंद्र सिंह राठौर जेतपुरा अध्यक्ष सीवेक भदौरिया युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता सब्जी मंडी अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा नगर उपाध्यक्ष सुमित गर्ग शैलेंद्र सिंह राजावत उदी महामंत्री कपिल गुप्ता झांसी के पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह रमेश कनौजिया मुन्नी कुशवाहा पूजा तिवारी अंजू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शौर्य जागरण यात्रा हेतु विश्व हिंदू परिषद ने की जिला बैठक।



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** जनपद मैनपुरी 30 जुलाई पावर हाउस रोड स्थित बी एस गेस्ट हाउस में विहिप के पदाधिकारियों ने आगामी शौर्य जागरण यात्रा हेतु जिला बैठक की । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्र नगर विभाग के पालक अधिकारी व प्रांत उपाध्यक्ष सुनील पाराशर का जिलाध्यक्ष सुमित चौहान ने पटका व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया । तो वहीं विशिष्ट अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी एवं प्रांत के सह प्रचार प्रमुख दीपक सोलंकी को जिला मंत्री सिद्धनाथ पांडे ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बैठक को मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया ।उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए आगामी भव्य शौर्य जागरण यात्रा हेतु सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया यह भव्य एवं दिव्य यात्रा आगरा के लाल किले से प्रारंभ होकर शाहजहांपुर तक जाएगी । जिसमें विहिप के सभी पदाधिकारियों को विशेषत: मैनपुरी के पदाधिकारियों को यात्रा को दिव्य एवं अलौकिक बनाने में अपना विशेष योगदान देना है । उन्होंने कहा मैनपुरी का अपना एक अलग ही इतिहास रहा है एक अपनी अलग ही पहचान है ।उन्हें उम्मीद है मैनपुरी के विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी अपने संपूर्ण समर्पण भाव से इस यात्रा को दिव्य बनाने में संपूर्ण सहयोग करेंगे ।वहीं बजरंग दल के प्रांत संयोजक ने अपने संबोधन में बजरंग दल के पदाधिकारियों को शीघ्र अपनी सभी इकाइयों का संपूर्ण गठन करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित चौहान , जिला मंत्री सिद्धनाथ पांडे ,सभी उपाध्यक्ष ,सभी सह मंत्री ,सभी आयामों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड एवं खंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## भारती मंसूरी एसोसिएशन में आपसी विवाद गहराया - लगाने लगे हैं एक दूसरे पर आरोप




इटावा। इस समय भारती मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन में आपसी खींचतान मची हुई है। विवाद इतना गहरा गया है कि वर्चस्व को लेकर दोनो पक्ष एक दूसरे पर लगा रहे है आरोप और प्रत्यारोप। स्थानीय होटल पर वर्तमान मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहिद मंसूरी लड्डन ने अपने पूर्व सचिव सफी अहमद बालक को प्रेसवार्ता करके उन्हें आइना दिखाते हुए कहा कि एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष मेरे पिता मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी ने अपनी एसोसिएश के सचिव मोहम्मद सफी अहमद बालक को उनके निजी स्वार्थों के क्रिया कलापों के कारण अपने जीते जी उन्हें निकाल दिया था। क्योंकि वह एसोसिएशन के नाम से आवंटित भूमि को अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु अपने व अपने परिजनों के लिए दुकानें बनाने के लिए जगह मांग रहे थे ।जिसे उन्होंने नही दिया। क्योंकि यह भूमि कौम और समाज की अमानत है ।इस भूमि पर मुस्लिम मुसाफिर खाना व अन्य जनहित कार्यों के लिए किया जाएगा ।शाहिद मंसूरी ने कहा कि आज हमारे पिता मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान ख़ान इस दुनियां में नही है, अब मंसूरी समाज उनके उस सपनों को पूरा करेगा जिसमें उन्होंने गरीब और मिस्कीन बच्चे और बच्चियों की शादी करने के लिए मुसाफिर खाना बनाया जाए। जिन लोगों ने उनके इस महान कार्य करने में रोड़े अटकाए थे हाजी ने ऐसे स्वार्थी तत्वों को अपने जीते जी संगठन से निकाल कर बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस बात के अतिरिक्त शाहिद मंसूरी ने एक छह प्रष्ठीय प्रेस नोट भी पत्रकारों को दिया जिसमें इस भूमि को बचाने के लिए उनके पिता हाजी की तथ्यात्मक संघर्ष की कहानी है। प्रेसवार्ता में हाजी हन्नान मंसूरी चांद, मोहम्मद शब्बीर मंसूरी, मोहम्मद इकबाल मंसूरी, गुफरान अहमद, नौमान आलम, राज मंसूरी, चांद वारसी, बन्ने मियां, मोहम्मद असलम मंसूरी मोहम्मद रशीद मंसूरी, हाफिज फैयाजउद्दीन मंसूरी, एडवोकेट जियाउल हक मंसूरी मौजूद रहे।

## खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति भंग

इटावा। सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति सेवाश्रम की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। सेवाश्रम प्रमुख ने बताया कि कार्यकारिणी का समय पूर्ण हो चुका था सेवाश्रम प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श करके खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति सेवाश्रम की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया जाएगा। जिसमें सेवाश्रम के निष्ठावान, कर्मठ और समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सर्वसम्मति से चयनित किया जाएगा। जानकारी सेवाश्रम प्रांतीय कार्यसमिति के कार्यवाहक मंत्री प्रवेश कुमार शर्मा ने दी।

# सांसद डा. कठेरिया ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी



बकेवर, इटावा। बीजेपी सांसद ने लखना स्थित जेवीएस रिसोर्ट में जन चौपाल कार्यक्रम लगाया। इस कार्यक्रम में करीब एक सैकडा से अधिक फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। कई मामलों में सांसद ने मुकदमा दर्ज करने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उसके बाद सांसद और भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिफिन भोज किया। रविवार को लखना स्थित जेवीएस रिसोर्ट में बीजेपी सांसद रामशंकर कठेरिया ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन चौपाल कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय चौहान बन्टू ने की। इस सुनवाई कार्यक्रम में करीब एक सैकडा से अधिक पीड़ित और भाजपा के कार्यकर्ता अपनी समस्या को लेकर सांसद के समक्ष पहुंचे थे और अपनी समस्याएं बताई। सांसद ने सभी मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कस्बा बकेवर की एक महिला ने शिकायत की कि उसने एक प्लाट का बकेवर में बैनामा कराया लेकिन धरातल पर कब्जा आज तक नहीं मिला जिस पर सांसद ने लखना चौकी इंचार्ज को इस मामले की जांच करके कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए सांसद ने कार्यक्रम को लेकर बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के जो कुछ जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जो भारत सरकार की योजनाएं हैं उन योजनाओं का लाभ मिले जनता की कोई समस्या है विभागों से संबंधित है उन सब के समाधान के लिए जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो हमारे लोगों की समस्याएं थी उनकी समस्याओं को सुना गया अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। अधिकारियों से कह दिया गया है जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करें और मुझे रिपोर्ट करें।

फरक्का और गोमती के भरथना स्टेशन के ठहराव पर राम शंकर कठेरिया ने कहा कि भरथना की जनता लंबे समय से ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रही थी। मेरे सामने भी भरथना की जनता ने यह मांग रखी थी जिसके बाद मैंने रेल मंत्री से मिलकर इस प्रस्ताव को रखा और गोमती एक्सप्रेस को भरथना स्टेशन पर रुकवाने का निर्णय लिया गया है। जो मांग थी उस मांग को रेल मंत्री ने पूरा किया है। मैं रेल मंत्री को धन्यवाद देता हूं।

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के दिए गए बयान मंदिरों का सर्वे भी होना चाहिए को लेकर इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा जिन जिन जगहों पर सर्वे हो रहा है आगे सरकार की क्या योजना है। निश्चित रूप से अध्ययन हो रहा है।

विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के लिए एक साथ आए हैं उन्होंने एक इंडिया नाम दिया है कितनी बड़ी चुनौती भारतीय जनता पार्टी को होगी के सवाल पर रामशंकर कठेरिया ने कहा विपक्ष एक हो जाये ये हमें चिंता नहीं, चिंता हमें ये है कि विपक्ष एक नहीं है। ना एक मन से है। तो जो गठबंधन है एक तरीके से यह कहा जाए कि न यह गठबंधन आगे चलने वाला है, न कोई नेता बनने वाला है। इस विपक्ष का आज तक कोई नेता तक नहीं चुना गया है। जब तक कोई नेता नहीं तब तक क्या गठबंधन होगा इसकी कल्पना सोच सकते हैं। जिसमें बड़ी तादाद में जनता और हमारे कार्यकर्ता पहुंचे हैं। इस मौके पर सभी प्रमुख विभाग के अधिकारी मौजूद रहे हैं। सबसे अधिक समस्याएं विद्युत व्यवस्था को लेकर थी। जिस पर अधिकारियों से समस्या का निदान करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। कुछ समस्याएं तहसील और थानों की हैं। जिस में तहसील और थानों में फरियादियों को बुलाकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। आज यहां आए सभी पीड़ितों की 7 दिवस के अंदर समस्या का समाधान किया जाए।और उस सभी की विस्तृत रिपोर्ट मुझे दी जाए।

### 2024 में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है- रामशंकर कठेरिया

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री की मंशा है। हमारे सभी कार्यकर्ता पहले विधानसभा स्तर और मंडल स्तर पर एक साथ बैठकर टिफिन भोज करें। जिसके चलते आज हम लोगों ने टिफिन भोज किया। हम सब मिलकर 2024 में प्रधानमंत्री को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसका संकल्प लिया है। इससे पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक हरनाथ सिंह ने मुख्य अतिथि सांसद का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे,पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा,ममता कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष औरैया कमल दोहरे,ब्लाक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडेय, ब्लाक प्रमुख चकरनगर प्रतिनिधि राकेश यादव,विमल भदौरिया,अरविन्द दीक्षित,राजवर्धन सिंह, मुकेश राजावत,शेखर चौहान,सज्जन राजावत,विनय चौहान बन्टू,सुशील राजपूत, प्रदीप तिवारी,राजेश तिवारी,गोलू चौहान,धनंजय सिंह,सिन्टू यादव,छोटू पाल,रामानन्द,गायत्रीशरण,हरेन्द्र,राघवेन्द्र, गौरव गुर्जर,अनूप जाटव, भूरे सिंह, ब्रजेन्द्र चौहान के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी चकरनगर विजयशंकर व सीओ अत्री,अधिशाषी अभियन्ता विधुत एस के मिश्रा,एसडीओ भूप सिंह,तहसीलदार चकरनगर, एस एस आई विश्वनाथ मिश्रा,लखना चौकी इंचार्ज राजकुमार सिंह व लेखपाल सहित लखना नगर पंचायत के सभी सभासदगण मौजूद रहे।

## स्कूल में प्रबंधक के पिता को बंधक बनाकर , बदमाशो ने सीसीटीवी कैमरा, नगदी, बैट्री सहित अन्य सामान किया पार

**अजीतमल।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में दिनोंदिन बढ़ोतरी होने से लोगों में दहशत भरी हुई है ,बीती 18 तारीख को बारेपुर गांव में प्रधान सहित 3 घरों में करीब 80 लाख रुपए की चोरी की घटना के बाद गांव के लोगों की नींद उड़ी हुई थी, कि शनिवार की रात अज्ञात बदमाशों ने फिर बारेपुर गांव में ही स्कूल को निशाना बनाया ,जहां बदमाशों ने स्कूल प्रबंधक के पिता को मारपीट कर कमरे में बंधक बनाकर दो घंटे तक लूटपाट की, घटना के संबंध में प्रबंधक ने लिखित रूप से कोतवाली पुलिस को सूचना दी। अजीतमल कोतवाली की भदसान चौकी के अंतर्गत अटसू अहेरीपुर मार्ग पर बारेपुर गांव के श्री जबर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक ब्रजेंद्र कुमार यादव पुत्र कंचन सिंह यादव ने स्कूल में हुई वारदात के संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया शनिवार की रात करीब एक बजे अज्ञात बदमाशो ने स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे तोड़े तथा चारपाई पर सो रहे पिता कंचन सिंह के साथ मारपीट कर उन्हे बांध कर कमरे में बंद कर दिया। बदमाशो ने ताले तोड़ कर कमरों के अंदर सामान की तोड़फोड़ की कालेज के अभिलेख, सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क, मोबाइल, दो इनर्टर बैटरी, कैमरा ,जनरेटर का डायनुमा, सहित दो हजार पांच सौ रुपए लूट लिए बदमाशों ने कार्यालय में रखी कार की चाबी उठाकर गैरेज में खड़ी कार को ले जाने का प्रयास किया लेकिन विद्यालय परिसर में बरसात के चलते दलदल होने की वजह से बदमाश कार के दलदल में फंस जाने के कारण नहीं ले जा सके तो उन्होंने कार की तोड़फोड़ कर दी। सुबह प्रबंधक संजू यादव आदि ने स्कूल पहुंचने पर पिता को बंधन मुक्त किया। कंचन सिंह ने बताया कि बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे थे,उनकी मारपीट करते हुए उन्हें अंगोछा ,बनियान से बांध कर घटना को अंजाम दिया। स्कूल में हुई बरदात के संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि स्कूल में हुई घटना को लेकर क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक सहित वह मौके पर पूछताछ की गई है प्रबंधक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## स्कूल में वारदात के समय कुछ ही दूरी पर मौजूद थी पुलिस

कोतवाली क्षेत्र के बारे पुर गांव स्थित स्कूल में रविवार की देर रात बदमाश जब चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे तो घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर सड़क के किनारे बने ग्राम प्रधान के आवास के बाहर चीता मोबाइल पुलिस मौजूद थी ,घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे भदसान चौकी इंचार्ज ने बताया कि उनके द्वारा रात में गश्त की जा रही थी और प्रधान के आवास के बाहर भी चीता मोबाइल पुलिस मौजूद थे आखिर चोर किस रास्ते से स्कूल में पहुंचे। चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूछताछ की।

## न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बावजूद दबंग कर रहे अवैध कब्जा



**माधव संदेश/आकाश ।** फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। न्यायालय में भूमि विवाद विचाराधीन होने के बावजूद दबंगों द्वारा अवैध रूप से जबरन कब्जा किए जाने की पीड़ित महिला द्वारा पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फफूंद थाना क्षेत्र के ग्राम सेनपुर भैसौल निवासी संगीता देवी पत्नी पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 2002 में उसके ससुर प्रताप सिंह के नाम आबादी की भूमि आवंटित की गई थी जिसका दीवानी न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है इसके बावजूद बृजेश कुमार पुत्र ताले सिंह सपरिवार दबंगई के बल पर अवैध रूप से उक्त भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस से जल्द अवैध रूप से हो रहे कब्जे को रोके जाने की गुहार लगाई है जिस पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## प्रोजेक्ट नई किरण का हुआ आयोजन, 2 परिवारों को मिलाया

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। आज रविवार 30 जुलाई को पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी अनूप जादौन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें आज 13 फाइलें दायर की गई व 02 परिवार को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था जिसे समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## चलती स्कार्पियों के बोनट पर बनाई रील, पुलिस ने काटा चालान

इटावा। चलती कार के बोनट पर बैठकर रील बनाना युवक को महंगा पड़ गया। वीडियो को ट्वीट कर पुलिस से शिकायत की गई जिसके बाद यातायात पुलिस हरकत में आई। गाड़ी का 13 हजार रूपए का आनलाइन चालान किया गया है। दरअसल थाना सिविल लाइन इलाके के लायन सफारी रोड पर एक युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें युवक काला चश्मा लगाए अपनी ही काले रंग की स्कार्पियों के बोनट पर बैठा हुआ है। गाड़ी उसका दोस्त ड्राइव कर रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो को एक युवक ने इटावा पुलिस को ट्विटर पर टैग कर दिया जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। एसएसपी के आदेश पर कार के नंबर के आधार पर कार्यवाही करते हुए कार स्वामी शनि यादव निवासी शिवानगर नई मंडी थाना फ्रेंडस कालोनी के विरूद्ध कार्रवाई कर 13 हजार का आनलाइन चालान कर दिया गया। एसपी सिटी कपिल देव सिंह ने बताया कि यह वीडियो लायन सफारी के बाहर रोड पर बनाया गया है।

## ताजिया रखने को लेकर किन्नरो ने दी थाने में तहरीर , पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाकर कराया सुलह समझौता

**माधव संदेश/आकाश**



फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। नगर के एक मोहल्ला में किन्नरो के घर के अंदर मुस्लिम समुदाय के एक दर्जन से अधिक लोग उनके घर मे पड़े ताले को तोड़कर घर मे घुस गये और ताजिया रख दिया। किन्नरो को जानकारी होते ही औरैया जिला इटावा जिला व कन्नौज जिला के किन्नर थाने पहुच गये जहां पर उन्होंने ने 6 नाम दर्ज व 50 अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों को बैठा कर कराया सुलह समझौता। किन्नर चंदा रानी ने बताया कि मोतीपुर में मेरा घर है, मैंने अपने घर का ताला लगाकर रविवार को क्षेत्र में चली गई थी, तभी सुबह रसीद, आसीन, मुन्ना, सलीम, फरजान, आदित्य सहित 50 लोग लगभग आ गये जिन्होंने हमारे घर का ताला तोड़कर उसमे ताजिया रख दिया। जब यह जानकारी चंदा किन्नर को मिली तब वह घर पर आई तो उक्त लोग गाली गलौज करते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। चंदा रानी किन्नर ने जब उक्त जानकारी अपने किन्नर समाज को दी जानकारी होते ही किन्नर समाज की अध्यक्ष बकेवर निवासी सपना बाई किन्नर सहित लगभग आधा सैकड़ा से ज्यादा किन्नर लेकर थाने पहुचे गये। उन्होंने तहरीर दी है। पुलिस व लेखपाल ने मौके पर पहुच कर दोनों पक्षों को सुना और कागजात देखें। जिसके वाद में आपस मे दोनों लोगो मे सुलह समझौता हो गया। कि कल दोपहर तक ताजिया को दूसरी जगह रख दिया जाएगा। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने बताया कि मामले को लेकर दोनों पक्षों की बात सुनी गई। दोनों लोगो ने समझौता कर लिया है। अब कोई विवाद नही है।

## भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना,जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**माधव संदेश/आकाश**

**औरैया ( ब्यूरो )। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 103 वा 卐मन की बात卐 औरैया देहात मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राम मिश्रा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ सुना। आज हुई मन की बात में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में बीते 22 जुलाई को हुए रिकॉर्ड 30 करोड़ पौधरोपण का उल्लेख कर पर्यावरण संरक्षण हेतु %जन-भागीदारी% के महत्व को रेखांकित किया है। मन की बात सुनने वालो में जिला मंत्री विशाल शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप मिश्रा, मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल ,नितिन अवस्थी ,निर्मल दुबे, प्रदीप मिश्रा, पवन चतुर्वेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर पूरे जिले के भाजपाईयों ने अपने अपने बूथ पर देश के प्रधानमंत्री की मन की बात को सुनकर उसे जनता के बीच ले जाकर लोगो को संकल्प दिलाने का कार्य करेंगे।**

## 600 ग्राम अवैध गाँजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 30 जुलाई 2023 को थाना हरचन्दपुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग/क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त रामबहादुर सिंह पुत्र बृजकिशोर सिंह निवासी हिलालगंज थाना हरचन्दपुर रायबरेली को 600 ग्राम अवैध गाँजा के साथ थाना क्षेत्र के देदौर प्राथमिक विद्यालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरुद्ध थाना हरचन्दपुर पर मुकदमा अपराध संख्या-237/2023 धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

*नाम पता अभियुक्त-*

रामबहादुर सिंह पुत्र बृजकिशोर सिंह निवासी हिलालगंज थाना हरचन्दपुर रायबरेली।

*बरामदगी-*

600 ग्राम अवैध गाँजा ।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-*

1. उप-निरीक्षक श्री मोहित थाना हरचन्दपुर रायबरेली ।
2. उप-निरीक्षक श्री चक्रधन पांडे थाना हरचन्दपुर रायबरेली।
3. आरक्षी श्री अमन थाना हरचन्दपुर रायबरेली।
4. आरक्षी श्री प्रिंस कुमार थाना हरचन्दपुर रायबरेली ।

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार गंभीर रूप से हुए घायल

**माधव संदेश /संवाददाता**



रायबरेली लालगंज क्षेत्र के बेनी माधव गंज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर रोड किनारे गिर पड़े जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य लालगंज सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टर द्वारा इन दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है द्य बताया जा रहा है कि यह दोनों युवक लालगंज से रालपुर किसी जरूरी काम से जा रहे थे तभी बेनी माधवगंज के पास बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे वह सड़क किनारे गिर पड़े और वहीं पर लगे कटीले तारों से कट कर गंभीर रूप से घायल हो गए घायल युवक सौरभ पुत्र अशोक उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी चचिहा थाना लालगंज के रहने वाले हैं दूसरा घायल शिव मोहन पुत्र शिवप्रसाद उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी अटौरा बुजुर्ग थाना गुरबक्शगंज के रहने वाले हैं द्य डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य वही रायबरेली जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए भेजा जा रहा है !

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का इटावा आगमन पर स्वागत



इटावा। आगरा में संविधान बचाओ संकल्प सभा को संबोधित करने जा रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर मानिकपुर मोड़ पर फूल मालाएं एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा आज देश का संविधान खतरे में है केंद्र तथा राज्य सरकार है देश में नफरत का माहौल पैदा कर रही है देश के राज्य मणिपुर में हिंसा के कारण कई जाने चली गई हमारी बहन बेटियों के साथ घिनौने कृत्य किए गए लेकिन देश के प्रधानमंत्री उस पर बोलने को तैयार नहीं आज हम पूरे प्रदेश में संविधान बचाओ संकल्प सभाओं के माध्यम से लोगों से संविधान बचाने के लिए आवाहन कर रहे हैं जल्द इटावा में भी संविधान बचाओ संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, आलोक यादव, आरबी सिंह पाल, संजय दोहरे, करन सिंह राजपूत, सरवर अली, रामजीवन कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, आसिफ जादरान, सचिन संखवार, अमित अग्निहोत्री, विष्णुकांत मिश्रा, श्याम सिंह कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह पाल, अंजू वर्मा, सरला जाटव, मिथलेश कुशवाहा, गुलशन, अफजाल वारसी, आशाराम कठेरिया, सुमित यादव, इरशाद रजा उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री ने किया मंडी स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास




**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली, 30 जुलाई । राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने ऊंचाहार में कृषि उत्पादन मंडी स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास के उपरांत उन्होंने कैथल में एक जनसभा को संबोधित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने रायबरेली की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस मंडी स्थल के बन जाने से किसानों को आर्थिक लाभ होगा, तथा उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा आयात निर्यात के माध्यम से रायबरेली के कृषि उत्पादों को दूसरे जनपदों तथा राज्यों में भी भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों की आय दुगनी की जाए। इसके लिए किसानों को नए नए अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि रायबरेली के लोगों को अवसर दिया जाए तो वह कुछ भी कर सकते हैं। कृषि उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि रायबरेली मुख्यत॰ कृषि प्रधान जनपद है, यहां पर किसानों द्वारा अनेक प्रकार की खेती की जाती है। अगर किसानों के उत्पादन को उचित बाजार प्रदान किया जाए तो यहां के किसान उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी और कृषि विभाग के लोग उपस्थित थे।

## यमुना का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में भरा पानी

**इटावा। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के बहुत करीब है। जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। यमुना नदी का जलस्तर 120.88 पहुंच चुका है। हालांकि हथनीकुंड से छोड़े गए पूर्व में पानी से नदी का जलस्तर 121.39 पहुंच गया था। धूमनपुरा गांव के मंदिर सहित हनुमान घाट अभी भी पूरी तरह जलमगन है। यमुना के किनारे मंदिरों में लगभग 8 फीट ऊंचाई तक पानी पहुंच गया है। इटावा में यमुना के किनारे फसलें व पेड़ बाग पूरी तरह से डूब चुके है। ग्रामीणों के चेहरे पर अभी भी चिंता की लकीर बनी हुई है। प्रशासन लगातार बाढ़ राहत चौपालें लगाकर जागरूक करने का काम कर रहा है। ग्रामीणों को बाढ़ से निपटने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए है। पूजा करने पहुंचे मंदिर के पुजारी पं. रामकुमार दीक्षित बताते हैं कि कल मंदिरों में पानी नहीं भरा था और हम यहां रूद्राभिषेक शंकर जी का करने के लिए आए है लेकिन जलस्तर बढ़ गया है तो पूजा पाठ बंद काफी दिन से बंद है। हथिनीकुंड से यदि यह पानी निरंतर छोड़ा जा रहा है तो यहां बाढ़ जैसी स्थिति बन जाएगी। पहले यहां मंदिर पर सीढ़ी तक पानी था और अब मंदिरों के अंदर प्रवेश कर गया था हम लोग मंदिर की छत पर खड़े है। यदि यह पानी बढ़ता रहा तो कई गांव खाली करने पड़ सकते है।**

## हिमांशु जिला उपाध्यक्ष, सुनील शहर उपाध्यक्ष



इटावा। व्यापारियों की हक की लड़ाई लड़ने एवं समस्याओं के निस्तारण करने के लिये तत्पर्य भारतीय उधोग व्यापार मण्डल ने शहर के लीला पैलेस होटल में संगठन का विस्तार करते हुये जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने व्यवसायी हिमाशु सैनी को जिला उपाध्यक्ष एवं सुनील तोमर को शहर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नव मनोनीत पदाधिकारियो को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने मनोनयन पत्र देकर फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुये कहा व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं व्यापारी सुरक्षा आयोग उ.प्र.सरकार के चेयरमैन रविकांत गर्ग के द्वारा व्यापारियों के हितों में किये जा रहे प्रयासों को मजबूती मिलेगी। नव नियुक्त पदाधिकारियो ने कहा संगठन ने जो जिम्मेदारी प्रदान की है उसका व्यापारियों के हित मे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेगे। कार्यक्रम के दौरान शहर अध्यक्ष रजत जैन, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, राजेश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, राहुल तोमर, सुरेन्द्र सिंह, संजय झा, सनी यादव आदि मौजूद रहे।

## बौद्ध उपासक संघ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न




फिरोजाबाद। बौद्ध उपासक संघ का वार्षिक अधिवेशन प्रज्ञा ज्योति बुद्व बिहार मौहल्ला पुरूषोत्तम नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से रामवीर सिंह बौद्व को संघ प्रमुख चुना गया। अधिवेशन में धम्म बंधुओं को सम्मानित किया गया। जिसमें गजेन्द्र सिंह बौद्व एडवोकेट को बुद्व रत्न, डॉ बीकेलाल को अम्बेडकर रत्न, धीरी सिंह बौद्व को ज्योतिराव फुले रत्न, जलदेवी बौद्व को साबित्रीबाई फुले रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रामवीर सिंह बौद्व एवं संचालन शिवकुमार ने किया। इस दौरान केपी सिंह बौद्व, यतेन्द्र कुमार, आरपी पुष्कर, सालिंग सिंह बौद्व, महेश चंद्र बौद्व, वीरेन्द्र सुमन, देवानंद गौतम, वेदप्रकाश गौतम, प्रदीप कुमार, सुमित कुमार, सालिंग सिंह आदि मौजूद रहे।

## वीरांगना अवंतिबाई लोधी का 192 वॉ जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय लोधी महासभा की एक बैठक छोटेलाल पेट्रोल पंप की बगीची पर आयोजित की गई। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह ने समाज की पूर्वज वीरांगना अवंतिबाई लोधी का 192 वां जन्मोत्सव 16 अगस्त 2023 को मनाए जाने का निर्णय लिया। साथ ही बताया कि 21 झांकी वीरांगना अवंतीवाई लोधी के जन्मोत्सव पर निकली जायेगी। बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष टीकमसिंह लोधी, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि उदयवीर लोधी, जिला मीडिया प्रभारी सुनील राजपूत, कोषाध्यक्ष किशलपाल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र पथरिया, इंजी राजीव राजपूत, चकलेश लोधी, राधाकृष्ण लोधी, सचिव मनीष, राजेश, नागेंद्र, उमेश, धर्मेंद्र, हरिओम, बिशंबर, सुरेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

## भूजल संरक्षण पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन ि ज में करें प्रतिभाग

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा भूजल संरक्षण के कार्यक्रम के अंतर्गत भूजल संरक्षण विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज आयोजित की जा रही है। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के अतिरिक्त भारत वर्ष एवं अन्य विश्व के प्रतिभागी भी लिंक पर जाकर ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज नि:शुल्क है। इस क्विज में प्रतिभागियों को ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरना है। उसके उपरांत क्विज प्रारम्भ हो जाएगी, जिसमें 10 प्रश्नों की क्विज है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित हैं। प्रतिभागियों को 100 अंको में से 50 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर उनके द्वारा दिए गए ईमेल आईडी पर ई-प्रमाण पत्र जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागी अपनी ईमेल आईडी फॉर्म में सही भरें।

## छह माह में लाल सिग्नल जंप करने 18,951 हुए चालान

फिरोजाबाद। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) चालू हो गया है। हाईवे सहित एक दर्जन चौराहों पर स्थापित हाइटेक उपकरणों से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के आनलाइन चालान काटे जा रहे हैं। इसके बाद भी मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। छह माह के आंकड़े बताते हैं कि 18,951 चालान लाल सिग्नल जंप करने पर हुए हैं। लाल सिग्नल के साथ ही नो हेलमेट, तीन सवारी व रांग साइड में अब तक तमाम चालान हो चुके हैं। इसके बाद भी लोग यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

## आग लगने से जले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई

**ऊसराहार रिपोर्टर घनश्याम शर्मा** ऊसराहार थाना क्षेत्र के सुखैया निवासी जवाहर लाल का पुत्र अनूप शनिवार को घर पर आग से जल गया था गंभीर हालत मे उसे सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया जंहा इलाज के दौरान रविवार को अनूप की मौत हो गई थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया अनूप आग से जलने पर घायल हुआ था इलाज के दौरान मौत हो गई है वह मानसिक रोग से भी ग्रस्त था शव का पोस्टमार्टम कराया गया है

## विवाहिता महिला ने बंद कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली

**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला भिखारी दास निवासी ब्रजेंद्र जाटव की पत्नी गीता शनिवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे मे फांसी के फंदे पर लटकी मिली तो घर मे हडकंप मच गया सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुचे और शव को फंदे से उतरवाया सूचना पर फौरेसिंक टीम भी मौके पर पहुची नायब तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह के सामने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा बताया गया गीता की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी उसका दो वर्ष का एक पुत्र है थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है आत्महत्या के कारणो की जांच की जा रही है

## पिकप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई



ऊसराहार रिपोर्टर घनश्याम शर्मा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर जा रही पिकप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई गाडी मे सवार चालक व उसका साथी बाल बच गए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को कन्नौज जनपद के तालग्राम से इटावा जा रही पिकप ऊसराहार थाना क्षेत्र के किलोमीटर 132. 500 पर अचानक अनियंत्रित हो गई और गाडी डिवाइडर से टकराते हुए नीचे जाकर पलट गई सूचना पाकर एक्सप्रेस वे के चौकी इंचार्ज व यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुच गए गाडी मे सवार चालक शान मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी गुरसाहय गंज थाना कोतवाली जनपद कन्नौज व अब्दुल जुबेर अली पुत्र रज्जाक अली निवासी उपरोक्त दोनों बाल बच गए थानााध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया गाडी अचानक जाम हो जाने से हादसा हुआ है किसी को कोई चोट नहीं आई है मार्ग पर आवागमन संचालित कर दिया गया है

# छह अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों की याद में क्रांतिवीर तीर्थ कार्यक्रम का होगा आयोजन




### -स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया जायेगा सम्मानित

फिरोजाबाद। संस्कार भारती महानगर शाखा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समस्त अनुशासिक संगठनों की बैठक गौशाला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग संघ चालक डॉ रमाशंकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में छह अगस्त को नगर में होने वाले क्रान्तिवीर तीर्थ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघ चालक बृजेश जी ने बताया कि छह अगस्त को प्रातः 11 बजे स्थानीय एफ़एम. वाटिका में अपने जिले में 1947 में स्वतंत्रता सेनानियों की याद में क्रांतिवीर तीर्थ कार्यक्रम का भव्य एवं वृहद आयोजन किया जायेगा। मंचीय कार्यक्रम के दौरान सन् 1947 में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मान कर शहीदों को श्रद्वांजलि अर्पित की जायेगी। संस्कार भारतीय के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में वीर योद्वा रानी लक्ष्मीबाई एवं तात्या टोपे के परिजनों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में डॉ राजेन्द्र अग्रवाल उपसभापति राज्यसभा एवं अन्य कई सम्मानित राष्ट्रीय हस्तियॉ शामिल होगी। वहीं वीर शिवाजी, सरदार भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, एवं तात्याटोपे के जीवन पर आधारित मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। 1857 से 1947 के बीच स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मान किया जायेगा। बैठक में गौरव, रामकुमार, उद्देश्य तिवारी, शिवकांत पलिया, प्रवीन अग्रवाल स्मार्ट टॉक, रमेश चंद्र चंचल, आनंद मित्तल, अनुग्रह गोपाल, शंकर गुप्ता, संजीव जैन, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, मयंक सारस्वत आदि मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद क्लब में महिला शक्ति लगाएंगी प्रदर्शनी कल



**फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफफिरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा एक अगस्त दिन मंगलवार को फिरोजाबाद क्लब में तीज प्रदर्शनी लगाई जायेगी। प्रदर्शनी में कपड़े, डिजाइनर ज्वैलरी, रेसिन प्रोडक्ट, राखी, भगवान की पोशाक, साड़ी और घरेलू उपयोगी समान उपलब्ध रहेंगे। महिला शक्ति की अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि फिरोजाबा क्लब में एक अगस्त को प्रातः दस बजे से तीज प्रदर्शनी लगाई जायेगी। प्रदर्शनी में जो भी धन लाभ होगा, उसको सामाजिक सेवा कार्य में लगाया जायेगा। प्रशासनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने बताया कि प्रदर्शनी में कानपुर, मथुरा, आगरा, भरतपुर, खैरागढ के दुकानदारों स्टाल लगाई जायेगी। जिसमें फैसनेबुल कपड़े, डिजाइनर ज्वैलरी, रेसिन प्रोडक्ट, राखी, भगवान की पोशाक, साड़ी और घरेलू उपयोगी सामान उपलब्ध होंगे। वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने सभी से अनुरोध किया है कि महिलायें अधिक से अधिक संख्या में आकर शॉपिंग करे। साथ ही मनोरंजन गेम एवं चाट पकौड़ी का आनंद लें।**

## फिरोजाबाद के युवक ने हरियाणा के पानीपत में पेड़ पर फंद्धा लगाकर की आत्महत्या

फिरोजाबाद। हरियाणा के पानीपत में पेड़ पर फंद्धा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। शव को फंद्धा पर लटका देख साथी ड्राइवरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जांच में मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिजनों से संपर्क किया गया। मौके से सभी साक्ष्यों को जुटाने के बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया। रविवार को परिजनों के बयानों के आधार पर एक महिला पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है।सुनील यादव ने बताया कि वह फिरोजाबाद के गांव टीकामई का प्रधान है। उसके ही गांव का प्रवीन कुमार (25) पिछले करीब पांच साल से पानीपत में रहता था। वह यहां राख से भरे हुए ट्रक चलाता था। उसकी शादी के दो माह बाद ही पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसने बताया कि पिछले करीब तीन साल से गांव की रहने वाली मनोरमा देवी (45) से उसकी बातचीत थी। मनोरमा पिछले दो माह से उसे खूब प्रताड़ित कर रही थी। वह उस पर शादी का दबाव बना रही थी। शादी न करने पर किसी केस में फंसाने की धमकी देती थी। कई बार महिला को समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह नहीं मानी। बीते तीन दिन से मनोरमा ने प्रवीन को हर मिनट बाद कॉल की और शादी का दबाव बनाया। शनिवार को मनोरमा ने कहा कि उसके पास आज आखिरी दिन है, अगर शादी नहीं की तो वह पुलिस को शिकायत दे देगी। प्रताड़ित होकर प्रवीन ने अपने चचेरे भाई को फोन किया और आपबीती बताई। इसके 20 मिनट बाद ही वह फंदे पर लटका मिला।

## मालगाड़ी आगे कूदकर जान दी

इटावा। बढ़पुरा थाना अंतर्गत उदी-आगरा रेलवे ट्रैक पर ग्राम जैतपुरा स्टेशन के समीप एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। थाना पछायागांव के ग्राम रतनूपुरा निवासी 20 वर्षीय योगेश कुमार प्रजापति पुत्र स्वर्गीय शंभू दयाल प्रजापति किसी बात से नाराज होकर घर से निकल आया। उसने रेलवे ट्रैक पर आकर आगरा से उदी मोड़ स्टेशन की तरफ जा रही मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। मालगाड़ी चालक इसकी सूचना उदी मोड़ रेलवे स्टेशन पर दी गई। चूंकि मामला रेलवे स्टेशन से दूर का था, इसलिए संबंधित थानों को सूचना दी गई। घटना दो थानों की सीमा के बीच होने से थाना पछायगांव और थाना बढ़पुरा पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में घटना बढ़पुरा थाना क्षेत्र में होने की पुष्टि होने पर थाना प्रभारी बढ़पुरा अमित कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना रविवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच की बताई गई है। घटनास्थल पर पहुंची मृतक की वृद्ध मां ने बताया कि उनके तीन बेटों में योगेश कुमार सबसे छोटा था। सुबह घर से बगैर बताए निकल आया था।

## महिलाओं के सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

इटावा। मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा/ सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में शक्ति दीदी(महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर निम्न नंबरों या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया ।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

ऊसराहार, इटावा। विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला भिखारी दास निवासी ब्रजेंद्र जाटव की पत्नी गीता शनिवार की दोपहर अपने घर के एक कमरे मे फांसी के फंदे पर लटकी मिली तो घर मे हडकंप मच गया सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुचे और शव को फंदे से उतरवाया सूचना पर फौरेसिंक टीम भी मौके पर पहुची नायब तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह के सामने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा बताया गया गीता की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी उसका दो वर्ष का एक पुत्र है थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है आत्महत्या के कारणो की जांच की जा रही है।

## मारपीट में दो घायल

इटावा। सदर कोतवाली अंतर्गत मुहल्ला नौरंगाबाद में मांडवी दुबे पत्नी शिवम पांडेय मारपीट में घायल हो गईं। दूसरी तरफ बसरेहर थाना के ग्राम पत्तापुरा में शिवम पुत्र प्रमोद मारपीट में घायल हो गए।

# दो दिवसीय चौस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन




फिरोजाबाद। एस.वी.डी.के चौस क्लब द्वारा दो दिवसीय चौस प्रतियोगिता का आयोजन आईवी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। जिसमें आईवी इंटरनेशनल स्कूल, सेंट जॉन्स, डी.पी.एस इटावा, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, सुदिति ग्लोबल, किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सेकेंडरी, एडीफाई वर्ल्ड स्कूल, क्राइस्ट द किंग, श्री चौतन्य आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदिनी यादव ने कहा कि चौस खिलाड़ियों के उत्थान के लिए इस तरह के आयोजन जिले में निरंतर होना चाहिए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि सौरभ लहरी ने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता से बच्चों के मानसिक विकास होता है, इसलिए सभी विद्यालयों को चौस प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर कराते रहना चाहिए। प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों को मोमेंटो एवं नगद धनराशि प्रदान की गई। जिसमें सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों में प्रथम पुरस्कार विक्रम प्रताप सिंह, द्वितीय कृष्णा अग्रवाल, तृतीय ओम गुप्ता, चतुर्थ सिद्धार्थ, पांचवा कुणाल, छठवां विधान अग्रवाल, सातवां प्रशांत, आठवां रोहित कुशवाहा, नौवां मयंक कुमार और दसवां स्थान लक्ष ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ बालिका खिलाड़ी में प्रथम पुरस्कार शिवालिका प्रजापति, द्वितीय पुरस्कार विधि गोयल एवं तृतीय पुरस्कार पीहू जैन ने प्राप्त किया। विद्यालय में प्रथम पुरस्कार दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा, द्वितीय पुरस्कार आईवी इंटरनेशनल स्कूल फिरोजाबाद एवं तृतीय पुरस्कार ब्राइट फ्यूचर स्कूल फिरोजाबाद ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आर्बिटर के रूप में गौरव कुमार एवं सहायक आर्बिटर के रूप में सौरव बघेल रहे। इस दौरान फिरोजाबाद डिस्टिक चेस एसोसिएशन के सचिव आशीष मिश्रा, रोहित पचौरी, श्वेता गुप्ता, सोनिया जैन, उत्कर्ष गुप्ता, स्वाति राठौर, नीरज ताज, चारू गुप्ता, नम्रता यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## अमे?रिका जुटा सऊदी अरब से हाथ ?मिलाने में, प्रिंस सलमान को मनाने की को?शिश



रियाद । अमे??रिका इस समय सऊदी अरब के चीनी खेमे में शा?मिल होने से ?चिं?तित है। यही वजह है ?कि अब जेक सु?लि?वन को ?प्रिंस मोहम्मद ?बिन सलमान से बातचीत करने अरब रवाना ?किया है। जानकारी के अनुसार सऊदी अरब के चीन के खेमे में जाने से अमेरिका बेचैन हो उठा है। बाइडन प्रशासन को अब यह डर सताने लगा है कि अगर जल्द ही कुछ नहीं किया गया तो पूरा मध्य-पूर्व उसकी हाथ से निकल सकता है। दरअसल सऊदी अरब को खाड़ी देशों का नेता माना जाता है। खाड़ी के अधिकतर देश सऊदी की विदेश नीति को ही फॉलो करते हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने चाणक्य जेक सुलिवन को सऊदी अरब भेजा है। जेक सुलिवन अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उन्होंने जेद्दा में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ लंबी बातचीत भी की है। दोनों नेताओं की मुलाकात को एक महत्वाकांक्षी और दूरगामी राजनयिक सफलता के लिए चली गई चाल का हिस्सा बताया जा रहा है। इस संबन्ध में व्हाइट हाउस ने बताया कि सुलिवन और प्रिंस सलमान ने गुरुवार को दुनिया से जुड़े अधिक शांतिपूर्ण, सुरक्षित, समृद्ध और स्थिर मध्य पूर्व क्षेत्र के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की पहल पर चर्चा की। इस मुलाकात पर कहा जा रहा है ?कि सुलिवन किसी प्रकार अमेरिका-सऊदी अरब-इजरायल-फिलिस्तीन समझौते की संभावना तलाशने के लिए जेद्दा गए थे। चीन भी इस मुद्दे पर तेजी से काम कर रहा है। ऐसे में अमेरिका को डर है कि अगर चीन ने इजरायल फिलिस्तीन विवाद का हल खोज लिया तो यह उसके लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह सौदा अमेरिका-सऊदी सुरक्षा समझौते और सऊदी-इजरायल राजनयिक संबंधों के सामान्यीकरण से जुड़ी एक बड़ी सौदेबाजी होगी। इसमें अमेरिका के कहने पर कब्जे वाले क्षेत्रों में फिलिस्तीनियों की दुर्दशा में कुछ सुधार, यहूदी बस्ती के निर्माण को रोकना और वेस्ट बैंक पर कभी कब्जा न करने का वादा शामिल हो सकता है। वर्तमान में सऊदी अरब और इजरायल एक देश के तौर पर एक दूसरे को मान्यता नहीं देते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच बैक चैनल डिप्लोमेसी पिछले कई वर्षों से जारी है। ईरान के खिलाफ भी सऊदी अरब और इजरायल ने लंबे समय तक एक साथ काम किया है। सीआईए के लिए मध्य पूर्व विश्लेषक के तौर पर काम कर चुके और व्हाइट हाउस सलाहकार ब्रूस रीडेल ने कहा कि इस तरह के बहुआयामी समझौते का विचार राजनीतिक रूप से दूर की कौड़ी है। उन्होंने कहा कि सऊदी जो बाइडन को दोबारा निर्वाचित होते नहीं देखना चाहता। वह डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापस आने को दृढ़ता से पसंद करते हैं।

## थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने की बड़ी कार्यवही एक वारंटी को किया गिरफ्तार




**ऊसराहार ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** उसराहार जनपद इटावा पर भी शांतिभंग की कार्यवही की गई है थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया थानाध्यक्ष ऊसराहार विवेक कुमार सिंह ने थाना हाजा से वारंटी अभियुक्त शिवराम पुत्र बाजी लाल निवासी भरतपुर खुर्द थाना ऊसराहार जनपद इटावा उम्र करीब 40 वर्ष संबंधित मु0नं0 358/09 अपराध संख्या 159/09 धारा 3/7 ईसी एक्ट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय इटावा भेजा गया वही दूसरी तरफ आज दिनांक 30.7.2023 को थाना हाजा से अभियुक्त 1.नागेंद्र कुमार उर्फ भूरे पुत्र कलेक्टर 2.जबर सिंह पुत्र कलेक्टरसिंह 3.मिलाप सिंह पुत्र कलेक्टर सिंह निवासी गन ग्राम भरतपुर खुर्द थाना उसराहार इटावा को अंतर्गत धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम ताखा के समक्ष भेजा गया अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय स्ष्ठरूमहोदय ताखा के समक्ष भेजा गया । 3 लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कारवाई की गई है धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया ।थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया की चार लोगो कोगिरफ्तार कर तीन लोगो को तहसील ताखा भेजा गया है एक वारंटी को न्यायालय इटावा भेजा गया

## जले युवक की इलाज दौरान मौत

ऊसराहार, इटावा। आग लगने से जले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। ऊसराहार थाना क्षेत्र के सुखैया निवासी जवाहर लाल का पुत्र अनूप शनिवार को घर पर आग से जल गया था गंभीर हालत मे उसे सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया जंहा इलाज के दौरान रविवार को अनूप की मौत हो गई थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया अनूप आग से जलने पर घायल हुआ था इलाज के दौरान मौत हो गई है वह मानसिक रोग से भी ग्रस्त था शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## जयंत मलैया बोले- कांग्रेस झूठे सपने दिखा रही

भारतीय जनता पार्टी ने घोषणा पत्र समिति का प्रमुख पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया को बनाया है। रविवार को मलैया ने कांग्रेस के वचन पत्र को झूठा बताते हुए कहा कि लोग समझ है कि कौन कहता और कौन करता है। उन्होंने पार्टी से नाराज होने के सवाल पर कहा कि हम तो रूठे ही नहीं थे। भोपाल में पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी घोषणा हुई है। सभी साथियों के साथ बैठ कर चर्चा करेंगे। मलैया ने कहा कि भाजपा का जो भी इतिहास रहा है। उसके अनुसार नौजवानों, महिलाओं, किसानों शोषित वंचित वर्गों के लिए बीजेपी हमेशा काम करती रही है। इस बार भी हम सब इसी दिशा में काम करेंगे। कैसे हम प्रदेश और प्रदेश के लोगों को आगे ले जा सकते है।

# वेस्टइंडीज से लगातार 9 वनडे जीतने के बाद हारी भारतीय क्रिकेट टीम

## कुलदीप टॉप इंडियन विकेट टेकर, किशन ने सैमसन-पार्थिव पटेल को पीछे छोड़ा




**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज टीम 9 लगातार वनडे हारने के बाद भारत को इस फॉर्मेट का कोई मैच हराने में कामयाब रही। टीम ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर 6 विकेट से मुकाबला जीता। भारत के शुभमन गिल ने अपने 50वें इंटरनेशनल मैच में 2500 रन पूरे किए। वह इस साल भारत के टॉप वनडे स्कोरर भी हैं। साल 2023 में कुलदीप यादव भारत के टॉप विकेट टेकर बने। विकेटकीपर ईशान किशन वेस्टइंडीज में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले विकेटकीपर बैटर्स में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 लगातार वनडे जीतने के बाद हारी। खलाफ इस फॉर्मेट के किसी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था, तब चेन्नई में टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी।

### 1. गिल के 2500 इंटरनेशनल रन पूरे

युवा भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने इंटरनेशनल करियर में 2500 इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना 50वां इंटरनेशनल मैच खेला, इनमें उनके नाम 7 सेंचुरी और 9 फिफ्टी हैं। गिल ने 18 टेस्ट, 6 टी-20 और 26 वनडे खेले हैं। वह 26 वनडे के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उनके 1352 रन हो चुके हैं। इतना ही नहीं, गिल ICC के फुल मेंबर देशों में इस साल वनडे के तीसरे टॉप स्कोरर भी बने। उन्होंने इस साल 11 वनडे में 665 रन बना लिए हैं, इस दौरान उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दोहरा शतक भी लगाया। इस साल उनसे ज्यादा रन जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स और श्रीलंका के पथुम निसांका ही बना सके हैं।




### 2. कुलदीप साल 2023 के टॉप भारतीय विकेट टेकर

लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव साल 2023 में भारत के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने एक विकेट लिया और मोहम्मद सिराज को पीछे छोड़ा। कुलदीप के इस साल 10 वनडे में 20 विकेट हो गए, उनके बाद सिराज ने 10 मैच में 19 विकेट लिए।

### 3. ईशान ने पार्थिव और सैमसन को पीछे छोड़ा

भारत से ईशान किशन ने लगातार दूसरे वनडे में फिफ्टी लगाई। वह वेस्टइंडीज में 2 या उससे ज्यादा वनडे फिफ्टी लगाने वाले दूसरे ही भारतीय विकेटकीपर बने। उन्होंने इस मामले में संजू सैमसन और पार्थिव पटेल को पीछे छोड़ा, दोनों के नाम वेस्टइंडीज में एक-एक फिफ्टी है। ईशान से आगे अब सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिनके नाम वेस्टइंडीज में 3 फिफ्टी हैं। वेस्टइंडीज के ओपनर ब्रैंडन किंग ने दूसरे वनडे में 15 रन बनाए। इसके साथ ही उनके 33 वनडे में एक हजार रन भी पूरे।

# गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पहला प्रैक्टिस मैच खेला- 10 ओवर फेंके, एक विकेट भी लिया




**बारबाडोस।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी तरह से फिट हो गए हैं। उन्होंने बेंगलुरु में मुंबई युवा टीम के खिलाफ पहला प्रैक्टिस मैच खेला। उन्होंने इस मैच में दो स्पेल में 10 ओवर गेंदबाजी की। वे जल्द ही आयरलैंड दौरे से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। बुमराह के अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी एक अन्य प्रैक्टिस मैच में गेंदबाजी की। बेंगलुरु के अलूर में शुक्रवार को मुंबई के युवा खिलाड़ियों के खिलाफ एक प्रैक्टिस मैच में बुमराह ने 10 ओवर गेंदबाजी की और 34 रन देकर 1 विकेट लिया। उन्होंने अपने स्पेल में 2 ओवर मेडन भी डाले। बुमराह के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी शनिवार को मुंबई युवा के खिलाफ ही एक अन्य प्रैक्टिस मैच में गेंदबाजी की। उन्होंने 3 स्पेल में 10 ओवर फेंके। कृष्णा को भी एक विकेट मिला। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 21 जुलाई को जारी मेडिकल अपडेट में बताया था कि बुमराह और कृष्णा फिट होने के करीब हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) उनके लिए प्रैक्टिस मैच आयोजित करेगी, जिसमें वह भाग लेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेक्रेटरी जय शाह ने भी हाल ही में बुमराह को लेकर कहा कि वह फिट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह आयरलैंड दौरे पर टीम में वापसी कर सकते हैं। टीम इंडिया को अगस्त के तीसरे हफ्ते में आयरलैंड दौरे पर जाना है। वहां उन्हें तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी-20 मैच 18 अगस्त, दूसरा 20 अगस्त और तीसरा 23 अगस्त को होना है। उसके बाद टीम इंडिया को 30 अगस्त से शुरू होने जा रहे एशिया कप में भाग लेना है। उम्मीद है कि बुमराह और कृष्णा को आयरलैंड दौरे और एशिया कप में मौका मिल सकता है। बुमराह इन दिनों बेंगलुरु स्थित एनसीए में रिहैब कर रहे हैं। वह सितंबर 2022 से क्रिकेट से दूर हैं। बुमराह बैक इंजरी की वजह से पिछले साल टी-20 एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम का हिस्सा नहीं थे। वहीं इस साल जनवरी में उन्होंने न्यूजीलैंड में अपनी पीठ की सर्जरी कराई थी। उसके बाद से वह NCA क्रिकेट एकेडमी में डॉक्टरों की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा को पिछले साल अगस्त में जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें पीठ की सर्जरी करानी पड़ी थी। NCA में रिहैब कर रहे कृष्णा ने कुछ दिन पहले गेंदबाजी शुरू कर दी थी।

# तीसरे दिन स्टुअर्ट ब्रॉड ने रिटायरमेंट अनाउंस किया- आखिरी मुकाबले में अंग्रेज 377 रन से आगे; स्कोर 389/9



**मुंबई।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट लंदन के ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड ने 9 विकेट खो कर 389 रन बना लिए, टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 377 रन की लीड बना ली है। जेम्स एंडरसन 8 और स्टुअर्ट ब्रॉड 2 रन बना कर नाबाद रहे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड ने संन्यास की घोषणा कर दी। 37 वर्षीय तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के दूसरे टॉप विकेट टेकर हैं। यह उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच रहेगा। वह चौथे दिन के खेल में जेम्स एंडरसन के साथ बैटिंग शुरू करने के बाद आखिरी पारी में बॉलिंग भी शुरू कर सकते हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम के रास्ते में फैंस और इंग्लैंड के प्लेयर्स ने ब्रॉड का तालियों से स्वागत किया। इस दौरान कप्तान बेन स्टोक्स ने भी ब्रॉड को बधाई दी। तीसरे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम को पहला झटका 79 रन पर लगा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने ओपनर बेन डकेट को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। बेन डकेट 55 गेंदों पर 42 रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टोक्स तीसरे नंबर पर आए। उन्होंने 42 रन की पारी खेली। हैरी ब्रूक 7 रन बना कर जोश हेजलवुड की बॉल पर आउट हुए। जो रूट नर्वस नाइंटीज का शिकार हुए और 91 रन बना कर पवेलियन लौटे।

# मनु भाकर ने जीते 2 गोल्ड, भारत 3 गोल्ड के साथ मेडल टैली में चौथे स्थान पर



**बीजिंग।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय एथलीटों को शनिवार को चार मेडल मिले हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स चीन के चेंगदू में हो रहा है। इवेंट के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने 4 मेडल जीते। जिनमें तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। भारत को तीनों गोल्ड शूटरों ने दिलाए हैं। यूथ ओलिंपिक गेम्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुकी मनु भाकर ने दो गोल्ड मेडल जीते। भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल के इंडिविजुअल और टीम इवेंट में गोल्ड जीता। इसके अलावा 10 मीटर एयर राइफल में एलावेनिल वलारिवन भारत को तीसरा गोल्ड दिलाया। मनु भाकर ने विमेंस की 10 मीटर एयर पिस्टल में 239.7 पॉइंट के साथ गोल्ड जीता। जबकि हंगरी की सारा फैबिन ने सिल्वर जीता। वहीं चीनी ताइपे की यू जू चेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में एलावेनिल वलारिवान ने भारत की झोली में गोल्ड डाला। जबकि यूएसए की मैरी टकर सिल्वर और चीन के हैंग झिंग ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं जूडो में महिलाओं की 57 किलो वेट में यामिनी मॉर्या ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# रहाणे ने काउंटी क्रिकेट खेलने से इंकार किया

**लंदन।** टीम इंडिया के अनभवी टेस्ट बल्लेबाज आजिंक्य रहणे ने काउंटी क्रिकेट खेलने से इंकार कर दिया है। रहाणे को काउंटी में लीस्टरशर ने शामिल किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वयस्त कार्यक्रम को देखते हुए रहाणे ने काउंटी से ब्रेक लेने का फैसला किया है जिससे वह आराम कर सकें। इसी को देखते हुए लीस्टरशर ने उनकी जगह पर ऑस्ट्रेलिया के पीटर हैंडसकोब को शामिल किया है। पैंतीस साल के रहाणे को जून में काउंटी क्लब लीस्टरशर से जुड़ना था पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यस्त रहने के कारण वह वह अब तक क्लब से नहीं जुड़ पाये हैं। वह आईपीएल के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने के लिए इंग्लैंड चले गए थे और इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे पर चले गये थे। क्लब ने कहा कि उनके पूर्व के कार्यक्रम में भी यह प्रतिबद्धताएं शामिल नहीं थी और अब रहाणे अगस्त और सितंबर में क्रिकेट से आराम लेना चाहते हैं जिसका मतलब है कि वह पूर्व कार्यक्रम के अनुसार लीस्टरशर की तरफ से नहीं खेल पाएंगे। लीस्टरशर के क्रिकेट निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने अपने एक बयान में कहा, 'हम अजिंक्य की स्थिति को अच्छी तरह से समझते हैं। साथ समय बिताने की उनकी इच्छा का सम्मान करते हैं।

# कनाडा में वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स में हेड कॉन्सटेबल संतोष शर्मा ने सिल्वर जीता



**पानीपत।** संतोष शर्मा को सिल्वर पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन इतने कड़े मुकाबले में सिल्वर मेडल जीता, इससे संतोष ही नहीं, बल्कि पानीपत और हरियाणा पुलिस में खुशी का माहौल है। हालांकि संतोष ने इसी प्रतियोगिता में पिछले साल नीदरलैंड में गोल्ड मेडल जीता था। हरियाणा के पानीपत जिले के गांव सिवाह निवासी रामनिवास शर्मा ने अपनी बेटी संतोष को वर्ष 2002 में अखाड़े में उतारा था। उस समय ग्रामीणों से लेकर रिश्तेदारों तक के विरोध का सामना करना पड़ा। आज उसी बेटी ने देश का गौरव बढ़ाया है। संतोष की इस उपलब्धि पर पूरा गांव खुश है। कुश्ती खिलाड़ी संतोष शर्मा, पिता के साथ 2002 में दंगल देखने गई थी, जहां पर लड़कियों को कुश्ती करते देखा। इसके बाद उसे पद्मश्री मास्टर चंदगीराम के अखाड़े में छोड़ दिया गया, जहां से उसने प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। तब साथ में पिता और मां सरोज देवी जाते थे। एक साल के अंदर संतोष नेशनल चैंपियन बन गई। सितंबर 2003 में खेल कोटे से हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुई। 2005 में बलाना गांव निवासी अनिल गौतम से शादी की। वह इंडियन रेसलिंग की कोच भी रह चुकी हैं। संतोष इससे पहले ऑल इंडिया चैंपियनशिप, इंडिया फेडरेशन, सीनियर और जूनियर नेशनल में 14 गोल्ड समेत 45 पदक जीत चुकी हैं। संतोष बताती हैं कि उन्हें हर कदम पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# अफगानी प्लेयर सेदिकुल्लाह ने एक ओवर में 7 छक्के लगाए- 19वें ओवर में 48 रन बने; गायकवाड भी लगा चुके हैं 7 सिक्स




**स्पोर्ट्स डेस्क ।** अफगानिस्तान के सेदिकुल्लाह अटल ने काबुल प्रीमियर लीग 2023 के 10वें मैच में एक ओवर में सात छक्के लगाए। टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला शाहीन हंटर्स और अबासिन डिफेंडर्स के बीच 29 जुलाई (शनिवार) को काबुल के अयोबी क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। अबासिन डिफेंडर्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया था। इस मुकाबले में शाहीन हंटर्स के कप्तान सेदिकुल्लाह अटल 56 गेंदों पर सात चौकों और 10 छक्कों की मदद से 118 रन बनाकर नाबाद रहे। अटल ने शाहीन हंटर्स की पारी के 19वें ओवर में आमिर जजई की गेंदों पर कुल सात छक्के लगाए। उस 19वें ओवर में कुल 48 रन आए। शाहीन हंटर्स 20 ओवर में छह विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में अबासिन डिफेंडर्स 18.3 ओवर में 121 रन पर ऑल आउट हो गई। हंटर्स को 92 रन से जीत मिली। ओवर की पहली गेंद नो बॉल रही जिस पर अटल ने छक्का जमाया। इसके बाद अगली गेंद वाईड रही। अगली छह गेंदों पर जजई ने लगातार छह छक्के लगाए। भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड भी एक ओवर में सात छक्के लगाने का कमाल कर चुके हैं। उन्होंने 2022-23 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान एक ओवर में सात छक्के लगाए थे। इस टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला महाराष्ट्र और यूपी के बीच खेला गया था। गायकवाड ने शिवा सिंह की गेंद पर यह कमाल किया था।

## कारोबार

# टेक फाइनेंशियल सर्विस प्रदाताशेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में दर्ज की शानदार आय



**नई दिल्ली।** भारत के लीडिंग टेक बेस्ड फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक शेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 25 जुलाई, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 जून 2023 को समाप्त होने वाले पहली तिमाही के अनऑडिटेट वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी है। कंपनी बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए 2 रुपए प्रति शेयर के पहले अंतरिम डिविडेंड की घोषणा को भी मंजूरी दी। कंसोलिडेटेड आधार पर ऑपरेशन से आय वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही के 23080 लाख रुपए से 20.15 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 27730.82 लाख रुपए हो चुकी है, जो मुख्य रूप से शेयर ब्रोकिंग बिजनेस / ट्रेडिंग एक्टिविटी में बढ़ोतरी और यूट्रेड एल्गो व एमटीएफ जैसे प्रोडक्ट्स की पेशकश कर ग्राहक बनाए रखने के बेहतर फोकस से प्रेरित है। एबिटा वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही के 9087.51 लाख रुपए से 38.61 प्रतिशत बढ़कर 2024 की पहली तिमाही में 12596.44 लाख रुपए हो गया है। एबिटा मार्जिन 2023 की पहली तिमाही की तुलना में 38.96 प्रतिशत से 624 बीपीएस बढ़कर 2024 की पहली तिमाही में 45.20 प्रतिशत चुका है। पीएटी 2023 की पहली तिमाही के 5917.71 लाख रुपए से 39.03 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 8227.51 लाख रुपए हो गया है। पीएटी मार्जिन वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही के 25.37 प्रतिशत से 415 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 29.52 प्रतिशत हो गया है। 2024 वित्त वर्ष की पहली तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, प्रबंधन ने कहा कि %हम वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए शेयर इंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड के शानदार वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।

# अनमोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में शानदार नतीजे पेश किए, मुनाफे में 107 प्रतिशत का उछाल



**लुधियाना।** सप्लाई चेन मैनेजमेंट इंडस्ट्री, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोल इम्पोर्ट (कोयला आयात) के क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक अनमोल इंडिया लिमिटेड (बीएसई- 542437, एनएसई- अनमोल) ने 27 जुलाई, 2023 को आयोजित की गई अपनी बोर्ड बैठक में 30 जून 2023 को समाप्त हुई पहली तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के प्रदर्शन पर प्रबंधन ने कहा कि अनमोल इंडिया लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में किए गए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो कि उल्लेखनीय वित्तीय अपडेट से साबित होते हैं। हम प्रमुख वित्तीय मैट्रिक्स में महत्वपूर्ण सुधार के साथ एक मजबूत विकास की रिपोर्ट को लेकर बेहद रोमांचित हैं। वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में, हमारे ऑपरेशन से प्राप्त होने वाले राजस्व में 29.72 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई। वित्तीय वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही में प्राप्त हुए 370.13 करोड़ रुपए की तुलना में 480.16 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह प्रशंसनीय वृद्धि हमारी टीम के अटूट समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। इसी तरह हमारे एबिटा में भी बड़ी वृद्धि हुई है जो वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के 9.65 करोड़ रुपए से 64.76 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 15.90 करोड़ रुपए हो चुका है। यह वृद्धि बेहतरीन परिचालन और प्रभावी लागत प्रबंधन रणनीतियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।इसके साथ ही हमें अपने एबिटा मार्जिन में सराहनीय सुधार देखने पर गर्व है, जो वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के 2.59 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 3.29 प्रतिशत हो गया, यह 70 बीपीएस की प्रभावशाली वृद्धि है। यह तरक्की दक्षता को बढ़ाने और स्थायी लाभ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।खास तौर पर, हमारे प्रॉफिट आफ्टर टैक्स में असाधारण वृद्धि देखी गई, जो वित्ती वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के 4.43 करोड़ रुपये से 107.44 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 9.19 करोड़ रुपए हो गई है। यह सफलता लॉन्ग टर्म शेयर होल्डर वैल्यू (दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य) को बनाने और स्थायी लाभ बनाए रखने के प्रति हमारे समर्पण को दिखाती है। इसके अलावा, हमारे पीएटी मार्जिन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2023 की चौथी तिमाही के 1.19 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 1.90 प्रतिशत हो गया, जो 71 बीपीएस सुधार दिखाती है। यह वृद्धि अवसरों का लाभ उठाने और चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने की हमारी क्षमता को रेखांकित करती है। जो हमारे व्यवसाय के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करते हैं।

# भारत आने वाले महीनों में कुछ एफटीए को अंतिम रूप दे सकता है- उद्योग मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत आने वाले महीनों में कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप दे देगा। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए बातचीत अंतिम चरण में है। इसके अलावा देश कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी इसी तरह के समझौते पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा ?कि हम यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठा सकते हैं और हमें उम्मीद है कि आने वाले महीनों में हम आपके लिए कुछ और मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देंगे। गोयल ने यहां फुटवियर उद्योग के प्रतिनिधियों से कहा ?कि इससे चमड़े के उत्पादों और जूते पर शून्य शुल्क के साथ आपके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने उद्योग जगत से विकसित दुनिया में व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ विनिर्माण प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला जूता विनिर्माता बनने की क्षमता रखता है। साइज पर निर्भरता कम करने के लिए भारतीय साइज के जूते जल्द ही पेश किए जाएंगे।

# अगले महीने अगस्त में 14 दिन रहेगा बैंकों में अवकाश




**नई दिल्ली।** अगले महीने अगस्त माह में बैंकों में 14 ?दिन का अवकाश रहेगा। नए महीने के साथ बैंक छुट्टियों की नई लिस्ट भी सामने आ चुकी है। ऐसे में अगर आप बैंक में अपना खाता खुलवाने जा रहे हैं या बैंक से जुड़ा कोई दूसरा जरूरी काम कराने जा रहे हैं या फिर ड्राफ्ट के लिए जा रहे हैं तो पहले बैंक हॉलीडे की लिस्ट देख लें। अगस्त महीने में बैंक छुट्टियों की शुरुआत 6 अगस्त से हो रही है। स्वतंत्रता दिवस से लेकर रविवार, शनिवार की छुट्टी शामिल है। इसमें से कुछ छुट्टियां राज्यों, प्रदेशों, शहरों के हिसाब से हैं तो वहीं कुछ छुट्टियां देशभर के बैंकों में होगी।

## मदद के नाम पर पाकिस्तान दे रहा धर्मांतरण को बढ़ावा



**इस्लामाबाद।** भारत से पाकिस्तान गई अंजू भले ही झूठ बोलती रहे, लेकिन पाकिस्तान से लगातार नई-नई खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि अंजू को इस्लाम कबूल करने के बदले एक रईस ने रहने के लिए बढिया फ्लैट और 50 हजार रुपये का चेक तोहफे के रुप में दिया है। इससे जहां धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं पाकिस्तान का घिनौना चेहरा भी सामने आया है। हालांकि अंजू लगातार झूठ पर झूठ बोल रही है। अंजू का दावा रहा है कि उसने न तो नसरुल्लाह से शादी की है और न ही इस्लाम कबूल किया है। लेकिन लगातार पाकिस्तान से आ रही तस्वीरें और वीडियो से ऐसा लग रहा है कि उसने शादी कर ली है। पाकिस्तान में लगातार लोग अंजू से मिलने आ रहे हैं और उसे बधाई दे रहे हैं। पाकिस्तान के एक बड़े बिजनेसमैन ने तो अंजू को फ्लैट और 50 हजार रुपए का चेक तोहफे में दिया है। लेकिन इस दौरान उसने कुछ ऐसे बयान दिए, जिससे साफ हो गया कि वह इस मुद्दे के जरिए धर्मांतरण को बढ़ावा देनें में लगा है। वीडियो में पाकिस्तान के स्टार ग्रुप ऑफ कंपनीज पीएसजी के सीईओ मोहसिन खान अब्बासी ने कहा कि अंजू ने इस्लाम में आकर नसरुल्लाह से शादी कर ली है। हम उसके स्वागत के लिए आए हैं। उसने अपना नाम फातिमा रखा है। हम यहां उसका इस्लाम में स्वागत करने आए हैं। आगे अब्बासी कहता है कि इस लड़की को ऐसा न लगे कि वह एक ऐसे मजहब में आ गई है, जहां उसका कोई अपना नहीं है। इसलिए यहां पर हम उसकी मदद करेंगे। बल्कि इसको इतना अच्छा लगना चाहिए कि इसे देख कर बेतहाशा लोग इस्लाम में आएं। उसने पाकिस्तानी सरकार से भी अंजू को सपोर्ट करने की मांग की हैं।

## पनडुब्बी की कंपनी अब शुक्र ग्रह पर कॉलोनी बनाएगी



पिछले महीने अटलांटिक महासागर में फटने वाली टाइटन पनडुब्बी बनाने वाली कंपनी ओशनगेट अब वीनस यानी शुक्र ग्रह पर कॉलोनी बनाने की तैयारी कर रही है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को ह्युमैन्स 2 वीनस नाम दिया गया है। इसके तहत 2050 तक वीनस के वातावरण में रहने लायक पर्मानेंट माहौल बनाया जाएगा। ओशेनगेट कंपनी जो कॉलोनी बनाने की तैयारी कर रही है वो एक फ्लोटिंग यानी तैरने वाली कॉलोनी होगी। प्रोजेक्ट का नेतृत्व गुलेर्मो सोनलेन कर रहे हैं, जो ओशेनगेट कंपनी के को-फाउंडर हैं। हालांकि, टाइटन पनडुब्बी डूबने और उसमें 4 अरबपतियों और कंपनी के CEO की मौत के बाद कंपनी के खिलाफ जांच की जा रही है। गुलेर्मो सोनलेन टाइटन पनडुब्बी के समुद्र की गहराई में जाकर फटने से उठे सवालों का असर अपने प्लान पर नहीं पड़ने देना चाहते हैं। बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक गुर्लेनो ने कहा है कि उनके प्लान में कोई खामी नहीं है। उन्होंने कहा- मेरा प्रोजेक्ट 2050 तक मार्स पर 10 लाख लोगों को बसाने जितना महत्वाकांक्षी तो नहीं है। दरअसल, गुर्लेनो ने ये कहते हुए एलन मस्क पर तंज कसा है। मस्क ने 2022 में दिए एक इंटरव्यू में कहा था वो 2050 तक लोगों को मार्स पर बसाना चाहते हैं। गुर्लेना का कहना है कि वो जब 11 साल के थे तब से उन्हें एक सपना लगातार आता है, जिसमें वो किसी दूसरे ग्रह के कमांडर होते हैं। जब गुर्लेमो से टाइटन पनडुब्बी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 100त्न सेफ्टी जैसी कोई चीज नहीं होती है।

## शाहबाज बोले- 9 मई की हिंसा के मास्टरमाइंड इमरान थे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा है कि 9 मई को मुल्क में जो हिंसा हुई थी, उसकी साजिश इमरान खान ने रची थी। इस हिंसा में 12 लोग मारे गए थे और सिर्फ फौज के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। शरीफ के मुताबिक- 9 मई को इमरान खान को करप्शन और घूस के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद खान के कहने पर उनके समर्थकों ने मिलिट्री हेडक्वॉर्टर समेत शहीदों स्मारकों को निशाना बनाया था। इस मामले में 1500 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कई लोगों के केस मिलिट्री कोर्ट में चलाए जा रहे हैं। इमरान की पार्टी इसका विरोध कर रही है। पाकिस्तान के चैनल 'जियो न्यूज' को दिए इंटरव्यू में शाहबाज ने 9 मई की हिंसा से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। कहा- वो मिलिट्री लीडरशिप को बदलना चाहते थे। उनका मकसद फौज में बगावत कराना था। इमरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के चीफ हैं। इसके बावजूद उनका रवैया मेरी समझ से परे है। जांच काफी हद तक पूरी हो चुकी है। इसमें कुछ फौजी और उनके परिवार भी शामिल थे। ये पाकिस्तान का इतिहास का काला दिन था। शरीफ ने आगे कहा- अब इसमें कोई दो राय नहीं कि 9 मई की हिंसा का सिर्फ एक ही मकसद था। ये लोग हमारी मिलिट्री लीडरशिप को बदलना चाहते थे। इनका मकसद मुल्क को आग में झोंकना और फौज में बगावत कराना था। हमारी फौज ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। अब इसके जिम्मेदारों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। कुछ दिनों पहले पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक बयान में कहा था- मिलिट्री अपने लेवल पर दो डिपार्टमेंटल इनक्वॉयरी कर रही है। इसकी अगुआई मेजर जनरल रैंक के अफसर कर रहे हैं। चौधरी के मुताबिक- 15 अफसरों के खिलाफ जांच चल रही है। इनमें तीन मेजर जनरल और सात ब्रिगेडियर्स भी शामिल हैं।

# आतंकी संगठन अलकायदा में मिलना चाह रहा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान



**दिल्ली।** आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान अब अलकायदा में मिलना चाह रहा है। वो एक ऐसा संगठन बनाना चाहता है जिसके तहत साउथ एशिया के सभी मिलिटेंट ग्रुप काम कर सकें। ये दावा संयुक्त राष्ट्र संघ यानी ह्र की एक कमेटी ने किया है। जो दुनियाभर में आतंकी गतिविधियों पर नजर रखती है। कमेटी ने पाकिस्तान की उस शिकायत को भी सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और मजबूत हुआ है। ह्र कमेटी के एक सदस्य ने ये भी कहा है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान में हमले करने के लिए अलकायदा से ट्रेनिंग भी ले रहा है।

### अफगानिस्तान में ट्रेन हो रहे तहरीक-ए-तालिबान के लड़ाके

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में कई आतंकी संगठनों के ट्रेनिंग कैंपस हैं। इनका इस्तेमाल तहरीक-ए-तालिबान के लड़ाकों को ट्रेन करने के लिए किया जा रहा है। वहीं, तहरीक-ए-तालिबान ने कई छोटे-छोटे संगठनों के साथ गठबंधन कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने बताया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के इलाकों में फिर से कब्जा करना चाहता है। रिपोर्ट में सामने आया है कि तहरीक-ए-तालिबान का ज्यादा फोकस पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों की बजाए बॉर्डर वाले इलाकों में हमले करने का रहा है। हालांकि, किसी इलाके पर कब्जा नहीं होने के कारण वो अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया है।

### अफगानिस्तान में 20 से ज्यादा आतंकी संगठन

25 जुलाई को ह्रस्ट्र में दाखिल की गई रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि अफगानिस्तान में फिलहाल 20 से ज्यादा आतंकी संगठन ऑपरेट कर रहे हैं। ये अपने असर को आसपास के इलाकों में फैलाने की कोशिश भी कर रहे हैं। अलकायदा अफगानिस्तान में छिपकर ऑपरेट कर रहा है, ताकि तालिबान सरकार के उस दावे पर उंगली न उठ सके, जिसमें वो कहते हैं कि उनकी जमीन से कोई आतंकी संगठन ऑपरेट नहीं कर रहा है। जबकि ह्र का मानना है कि अफगानिस्तान में अलकायदा के कम से कम 30 से 60 लीडर और 400 से 2 हजार के बीच लड़ाके हैं। अफगानिस्तान की सत्ता में बैठे तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट को गलत बताया है। अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने अफगान तालिबान पर आरोप लगाया था कि वो दोहा एग्रीमेंट की शर्तों को पूरा नहीं कर रहा है। इसके जवाब में तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा था- पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर झूठ बोल रहे हैं। वैसे भी दोहा पीस एग्रीमेंट अमेरिका और अफगान तालिबान के बीच हुआ था। इससे पाकिस्तान का कोई ताल्लुक नहीं है। जबकि अफगानिस्तान में अलकायदा है ही नहीं तो हम कार्रवाई किस पर करें।

### दोस्ती अब दुश्मनी में बदली

पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत के बीच पुरानी दोस्ती दुश्मनी में तब्दील हो चुकी है। दरअसल, पाकिस्तान चाहता है कि अफगान हुकूमत डूरंड लाइन को माने, जबकि तालिबान इस पर कतई तैयार नहीं हैं। दूसरा मामला तहरीक-ए-तालिबान से जुड़ा है। तहरीक-ए-तालिबानपाकिस्तान में लगातार हमले कर रहा है और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत तहरीक-ए-तालिबानपर लगाम कसने की बजाए इसे पाकिस्तान का अंदरूनी मामला बता रही है। ये तमाम बातें एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में भी कही गई हैं। रिश्ते हकीकत में बहुत खराब हो चुके हैं।

## क्लाइमेट चेंज, ऊंची इमारतों को खतरा- तापमान बढ़ने से जमीन फैल या सिकुड़ रही, इससे बिल्डिंग की नींव कमजोर होती है

**दिल्ली।** साइंटिस्ट्स का कहना है कि धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इस वजह से अंडरग्राउंड क्लाइमेट चेंज हो रहा है। इसके लिए हमारे सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं हैं। आसान शब्दों में कहें तो शहरों में बन रहीं बहुमंजिला इमारतें अंडरग्राउंड क्लाइमेट चेंज के हिसाब से डिजाइन नहीं की गई हैं। इमारतों और अंडरग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन (भूमिगत परिवहन) से निकलने वाली गर्मी से धरती का तापमान हर 10 साल में 0.1 से 2.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। जमीन के गर्म होने से उसका डिफॉर्मेशन (विरूपण) होता है। यानी जमीन या तो फैलने या सिकुड़ने लगती है। इस कारण



इमारतों की नींव कमजोर पड़ने लगती है और इमारतों में दरार आ सकती है। इससे इनके तबाह होने का खतरा बढ़ जाता है। रिसर्चर और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में सिविल एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर एलेसेंड्रो रोटा लोरिया ने कहा- वर्तमान समय में तापमान के बढ़ने से जमीन का विरूपण हो रहा है। हमारा एक भी सिविल स्ट्रक्चर या इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव के लिए तैयार नहीं है। रिसर्चर लोरिया और उनकी टीम ने जमीन के ऊपर और नीचे के तापमान की स्टडी की। इसके लिए उन्होंने शिकागो शहर को लैब की तरह इस्तेमाल किया। शिकागो के उन इलाकों में सेंसर इंस्टॉल किए, जहां बहुमंजिला इमारतें और अंडरग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन हैं। इसी तरह वहां भी सेंसर लगाए गए, जहां ये अंडरग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन नहीं था। स्टडी में सामने आया कि जिन इलाकों में बहुमंजिला इमारतें और अंडरग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन हैं, वो हीट के लिहाज से कमजोर हैं। स्टडी में ये भी पाया गया कि गर्मी के कारण शहर की जमीन 12 मिलीमीटर तक फैल गई। वहीं, बहुमंजिला इमारतों के नीचे वाली जमीन 8 मिलीमीटर तक सिकुड़ गई। रिसर्चर्स के मुताबिक, ये बदलाव काफी खतरनाक है। साइंटिस्ट्स के मुताबिक, गावों की तुलना में शहर आमतौर पर ज्यादा गर्म होते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शहरों की इमारतों को बनाने में लगा रॉ मटेरियल सौर उर्जा और हीट को एबजॉर्ब कर लेता है। बाद में इसे वातावरण में रिलीज कर देता है। इस प्रोसेस को सालों तक स्टडी किया गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगले दो दशक में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। इससे ग्लेशियर भी पिघलेंगे।

## जंग में नॉर्थ कोरिया के रॉकेट इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन

**कीव/मॉस्को।** यूक्रेन के सैनिक जंग में नॉर्थ कोरिया के रॉकेट्स का इस्तेमाल करते नजर आए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि ये रॉकेट उन्होंने रूसी सैनिकों से अपने कब्जे में लिए हैं। यूक्रेन के बाखमुत शहर के पास सेना नॉर्थ कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल करती नजर आई है। अमेरिका लगातार तानाशाह किम पर रूस को समुद्र के रास्ते हथियार सप्लाई करने का आरोप लगाता रहा है। दोनों देशों ने लगातार अमेरिका के दावों को खारिज किया है। हालांकि, तानाशाह किम ने लगातार यूक्रेन पर रूस के हमलों को जायज ठहराया है। 27



जुलाई को नॉर्थ कोरिया की विक्ट्री डे परेड में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे। तब उन्होंने नॉर्थ कोरिया की डिफेंस ऐग्जीबिशन में बैलिस्टिक मिसाइलें भी देखी थीं। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वो यूक्रेन मामले में शांति वार्ता से इनकार नहीं कर रहे हैं।

## प्लेन में शराब पीकर यात्री ने मां-बेटी से छेड़छाड़ की



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी से एथेंस जा रही डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट में एक पैसेंजर ने शराब के नशे में 16 साल की लड़की और उसकी मां से छेड़छाड़ की। फ्लाइट क्रू ने दोनों की मदद नहीं की। इतना ही नहीं, लैंडिंग के बाद भी किसी अधिकारी या पुलिस को सूचना दिए बिना ही आरोपी को जाने दिया। अब पीड़ित के परिवार ने एयरलाइन के खिलाफ करीब साढ़े 16 करोड़ का केस किया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, 26 जुलाई को 9 घंटे की इस फ्लाइट में एक पैसेंजर ने करीब 10 वोदका और एक ग्लास वाइन पी ली। केस की चार्जशीट में बताया गया है कि फ्लाइट अटेंडेंट लगातार आरोपी को शराब सर्व कर रहे थे, जबकि वो नशे में धुत हो चुका था। इसके बाद उसने मां-बेटी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष ने कहा कि आरोपी शराब के नशे में लगातार मां-बेटी के ऊपर चिल्ला रहा था। लगातार विरोध के बाद भी फ्लाइट क्रू ने आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज कर दिया।

## पोलैंड की तरफ बढ़ रहे वैगनर आर्मी के 100 लड़ाके- प्रधानमंत्री बोले- हालात खतरनाक हो रहे, हमें हाइब्रिड अटैक का डर

**वॉरसॉ।** रूस में तख्तापलट की कोशिश कर चुके वैगनर आर्मी के लड़ाके अब पोलैंड के बॉर्डर की तरफ बढ़ रहे हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि बेलारूस में मौजूद रूस की प्राइवेट आर्मी के 100 लड़ाके पोलैंड के बॉर्डर के करीब पहुंच चुके हैं। गैर कानूनी तरीके से पोलैंड का बॉर्डर काफी समय वहां की सरकार के लिए चिंता का सबब बना हुआ था। ऐसे में वैगनर लड़ाकों ने पोलैंड की चिंता को और बढ़ा दिया है। पोलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा है कि अब स्थित खतरनाक होती जा रही है। पोलैंड की सरकार ने आरोप लगाया है कि रूस



और बेलारूस प्रवासियों का इस्तेमाल कर पोलैंड और युरोप के दूसरे देशों को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे बचने के लिए पोलैंड ने बेलारूस के बॉर्डर पर एक लंबी दीवार तक बना ली है। हालांकि, प्रधानमंत्री का कहना है कि अब स्थिति और खतरनाक होती जा रही है। प्रधानमंत्री मोराविकी ने कहा है कि अब उन्हें हाइब्रिड अटैक का डर लग रहा है। मोराविकी ने ये बातें पोलैंड की उस जगह से कही हैं, जहां यूक्रेन के लिए लेपर्ड की मरम्मत की जा रही है। जमीन के नीचे रहस्यमयी विस्फोट, अनाम साइबर हमले और देश के लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए चलाए जाने वाले दबे-छिपे ऑनलाइन कैंपेन ये सब- 'हाइब्रिड खतरों' के हिस्से हैं। BBC की रिपोर्ट के मुताबिक किसी देश के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करना हाइब्रिड अटैक है। इसमें सरकार चुनने के लिए किसी देश में होने वाले चुनाव में भी दखलंदाजी की जाती है। वैगनर आर्मी की बगावत के बाद 23 जुलाई को पुतिन और बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको की पहली मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैगनर चीफ प्रिगोजिन समेत कई मुद्दों पर चर्चा की थी। रॉयटर्स ने एक टेलीग्राम चैनल के हवाले से बताया था कि इस मीटिंग के दौरान लुकाशेंको ने पुतिन को बताया कि बेलारूस वैगनर आर्मी के लड़ाकों से परेशान हो गया है। वो पश्चिमी देशों की ओर जाना चाहते हैं। लुकाशेंको ने बताया कि प्राइवेट आर्मी के लड़ाके कहते हैं- चलो वारसा और रेजसोव की तरफ घूम कर आते हैं। वैगनर लड़ाकों के बेलारूस आने के बाद पोलैंड ने अपनी सुरक्षा के लिए एक्सट्रा सैनिक बॉर्डर पर तैनात कर दिए हैं।

## ईरानी अफसर गे सेक्स के आरोप में बर्खास्त- हिजाब कानून पर सख्ती से अमल कराने की जिम्मेदारी थी, अब मौत का खतरा

**तेहरान।** ईरान में एक अफसर रजा साघाती का गे सेक्स टेप वायरल होने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक यह साफ नहीं है कि रजा को गिरफ्तार किया गया है या नहीं। वो गिलान राज्य के कल्चर एंड इस्लामिक गाइडेंस डिपार्टमेंट का चीफ था। कुछ दिन पहले रजा का एक दूसरे पुरुष के साथ वीडियो वायरल हुआ था। सरकार ने इस मामले को दबाने की काफी कोशिश



की, लेकिन वो इसमें कामयाब नहीं हो सकी। ईरान के शरिया कानून के मुताबिक, रजा को गे सेक्स (समलैंगिक संबंध) का दोषी पाया गया तो उसे सजा-ए-मौत दी जा सकती है। ईरान में समलैंगिक संबंध साबित होने पर सजा-ए-मौत दी जाती है। उस पर जबरदस्त इंटरनेशनल प्रेशर है। इसके बावजूद सरकार कोई रियायत देने तैयार नहीं है। BBC की एक रिपोर्ट के मुताबिक- रजा का जुर्म इसलिए और भी ज्यादा गंभीर है, क्योंकि उस पर हिजाब और इस्लामिक कानून लागू कराने की जिम्मेदारी थी। रजा का वीडियो 7 दिन पहले वायरल हुआ था। इसके बाद सरकार पर एक्शन का दबाव बढ़ रहा था। ईरान में मीडिया सेंसरशिप के चलते यह साफ नहीं हो पाया है कि इस अफसर को सिर्फ बर्खास्त किया गया है, या उसे गिरफ्तार भी किया जा चुका है। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद से उसे किसी पब्लिक प्लेस पर नहीं देखा गया है।

## उपयुक्तता रहने के लिए जिमिंग जरूरी नहीं, घरेलू काम करें

### रोज इतने काम करें कि सांसें फूलने लगे



बाजार में खरीदारी करने गए और भारी बैग उठाना पड़ा। तेज गति से सीढ़ियां चढ़े तथा कपड़े धोने जैसे काम से अकसर हमारी सांस फूल जाती हैं। अगर ऐसा है, तो ये आपके लिए अच्छी बात हो सकती है। एक स्टडी में पाया गया है कि ऐसी गतिविधियां कैंसर के जोखिम को कम करने में कारगार हो सकती हैं। द कन्वर्सेशन जर्नल में प्रकाशित स्टडी में दावा किया गया है कि रोजाना चार से पांच मिनट तक की गई इन गतिविधियों से 20प्रतिशत से 21प्रतिशत तक कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। स्टडी में पाया गया कि प्रत्येक दिन कम से कम साढ़े तीन मिनट तक शरीर पर जोर लगने वाले काम करने से कैंसर का जोखिम 17-18प्रतिशत तक कम हुआ। फेफड़े और स्तन कैंसर के मामलों में तो खतरा 30प्रतिशत से 32प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है। 22 हजार लोगों पर स्टडी हुई यह स्टडी 22,000 लोगों पर की गई। इसके लिए शोधकर्ताओं नेब्रिटेन के हेल्थ डेटाबेस से डेटा का विश्लेषण किया। इसमें 2 हजार से ज्यादा ऐसे लोगों को शामिल किया गया, जिन्हें पहले कभी कैंसर नहीं हुआ था और न ही वे किसी शारीरिक गतिविधि में शामिल थे। इसमें 55त्न महिलाएं शामिल थीं जिनकी औसतन आयु 62 साल थी। स्टडी से यह जानकारी भी मिली कि कुल संख्या में 96प्रतिशत लोग ऐसे थे, जो केवल साढ़े दो मिनट तक ही ऐसे कार्य कर रहे थे। 92प्रतिशत लोगों ने इन गतिविधियों में दो मिनट से भी कम का समय दिया। स्टडी के सह-लेखक एम्मानुएल स्टेमटकिस ने कहा कि यह गतिविधियां उन लोगों के लिए सबसे फायदेमंद है, जिन्हें जिम में जाना या व्यायाम पसंद नहीं है। शारीरिक गतिविधि कसरत नहीं करने से बेहतर है स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में कैंसर विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर लिंडा एस. लिंडस्ट्रॉम ने कहा कि ज्यादातर लोगों को रेगुलर एक्सरसाइज करने से फायदा होगा। यह अध्ययन दिखाता है कि कोई भी शारीरिक गतिविधि किसी भी तरह की कसरत नहीं करने से तो बेहतर है। बच्चों के साथ कभी-कभी खेलना नियमित व्यायाम से होने वाले फायदों की जगह नहीं ले सकती है।

## ग्रेन डील फिर लागू नहीं करेंगे पुतिन- अफ्रीकी नेताओं से दो दिन चली बातचीत बेनतीजा



**मॉस्को/नैरोबी।** दुनिया में फूड क्राइसिस को खत्म करने के लिए रूस और अफ्रीकी देशों के नेताओं की बातचीत नाकाम हो गई है। मॉस्को में ये मीटिंग दो दिन चली, लेकिन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ग्रेन डील फिर शुरू करने के लिए तैयार नहीं हुए। पुतिन ने अफ्रीकी देशों के नेताओं को यह भरोसा जरूर दिलाया है कि अनाज की कीमतें बढ़ने से रूस की कंपनियों को जो मुनाफा होगा, उसका कुछ हिस्सा वो गरीब देशों को देंगे। रूस और यूक्रेन के बीच ग्रेन डील दोनों देशों के बीच पिछले साल जंग शुरू होने के बाद हुई थी।

### जंग खत्म करने पर भी बात नहीं बनी

न्यूज एजेंसी 'एपी' की रिपोर्ट के मुताबिक- अफ्रीकी देशों के नेताओं और पुतिन के बीच दो दिन बातचीत हुई। इसमें दो मुद्दों पर ही फोकस रहा। पहला- जंग खत्म करने के लिए रूस और यूक्रेन डिप्लोमैटिक चैनल्स का इस्तेमाल करें। दूसरा- ग्रेन डील को फिर लागू किया जाए, ताकि दुनिया को फूड क्राइसिस का सामना न करना पड़े। दोनों ही बातों पर खास प्रोग्रेस नहीं हुई। रिपोर्ट के मुताबिक- पुतिन ने अफ्रीकी देशों के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि वो तीन से चार महीनों में करीब 50 हजार टन गेहूं 6 अफ्रीकी देशों को देंगे। इसके लिए रूस को पेमेंट नहीं लेगा। इसके पहले यूएन 2 लाख 75 हजार गेहूं सप्लाई पर समझौता कर चुका है। यह वर्ल्ड फूड प्रोग्राम का ही हिस्सा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस बुर्किना फासो, जिम्बाब्वे, माली, सोमालिया, एरिट्रिया और सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक को मुफ्त अनाज देगा। पुतिन के साथ बातचीत करने वालों में 54 हेड ऑफ स्टेट्स शामिल हुए। पुतिन ने इस मीटिंग में कहा कि अफ्रीका इस इलाके की उभरती हुई ताकत है। उन्होंने वेस्टर्न पावर्स पर आरोप लगाया कि वो अफ्रीकी देशों पर दबाव डाल रहे हैं। तुर्किये और UN की कोशिशों से पिछले साल जुलाई में एक डील हुई। इसमें यह था कि रूस और यूक्रेन दोनों ही एक-दूसरे के कार्गो शिप्स पर हमले नहीं करेंगे।

### अफ्रीकइजिप्ट और साउथ अफ्रीका ज्यादा एक्टिव

अफ्रीकी देशों के नेताओं में रूस पर सबसे ज्यादा दबाव इजिप्ट और साउथ अफ्रीका ने डाला। ये दोनों ही देश चाहते हैं कि रूस ग्रेन डील को फिर शुरू करे। साउथ अफ्रीकी प्रेसिडेंट सिरिल रामफोसा ने कहा- ग्रेन डील फिर शुरू होनी चाहिए और ब्लैक सी याने काले सागर का ट्रेड रूट इसके लिए फिर खोला जाना चाहिए। हम यहां अफ्रीकी देशों के लिए डोनेशन मांगने नहीं आए।

इसके जवाब में पुतिन ने कहा- अफ्रीकी देशों ने अमन बहाली का जो प्रपोजल रखा है, हम उस पर विचार कर रहे हैं। लेकिन, अगर हम पर हमले होंगे तो इसका जवाब दिया जाएगा। अगस्त में सऊदी अरब भी एक पीस समिट ऑर्गनाइज कर रहा है। 17 जुलाई को रूस ने यूक्रेन के साथ 'ब्लैक सी ग्रेन डील' खत्म कर दी थी। इसी डील के तहत पिछले साल दुनिया से फूड क्राइसिस के खतरे को बमुश्किल टाला गया था। फैसले पर पुतिन के प्रवक्ता ने कहा- हमारी कुछ मांगें हैं, इनके पूरे किए जाने तक हम डील से अलग रहेंगे। रूस के इस फैसले का हर तरफ विरोध हो रहा है। UN ने कहा है कि इससे लाखों लोगों के भूख से मरने का खतरा बढ़ जाएगा।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेलः madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।